हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025



# जिला, मंडल के बाद अब भाजपा में मोर्चा-प्रकोष्ठ की बारी, 15 तक मांगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा में जिला और मंडल कार्यकारिणी जारी होने के बाद अब मोर्चा और प्रकोष्ठों की नई टीम बनाने को लेकर काम शुरू हो गया है। बताया गया कि प्रदेश संगठन की तरफ से सभी जिलों को निर्देशित कर 15 दिसंबर से पहले तक मोर्चा, प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति के लिए नामों के सुझाव मांगे गए हैं। जिले से नाम भी भेज दिए गए हैं। जिसके चलते अब 15 दिसंबर के बाद कभी भी नई सूची जारी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा में मंडल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन के विस्तार का काम किया जा रहा है। इस साल की शुरूआत में ही भाजपा ने अपने जिला अध्यक्ष के अलावा मंडल के अध्यक्षों को बदला था। जिसके बाद जिला और मंडल की कार्यकारिणी भी जारी की जा चुकी है। हालांकि राजनांदगांव जिला कार्यकारिणी के जारी होने के बाद कुछ नामों को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। जिसके बाद एक संशोधन सूची जारी की गई थी। वहीं अब अन्य विंग की भी नई टीम बनाने को लेकर काम शुरू कर दिया गया है।

**बगैर बैठक तय कर लिए नाम :** भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश संगठन द्वारा मोर्चा-प्रकोष्ठ के लिए नाम मंगाए जाने के बाद जिला कोर ग्रुप की बैठक होनी थी, लेकिन जिला भाजपा संगठन ने बगैर कोर ग्रुप की बैठक किए ही अपने मन मुताबिक नाम तय कर भेज दिए हैं। जबकि प्रदेश संगठन से साफतौर पर मौखिक रायशुमारी के बाद नाम तय करने कहा गया था। ऐसे में अब स्थानीय वरिष्ठ नेताओं में भी संगठन को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है।

## भाजपा संगठन ने तैयार कर ली अपनी सूची, दो दिन के भीतर प्रदेश संगठन को भेजेंगे

### भाजयुमो में प्रखर सहित आठ नाम

जिला और मंडल के बाद सबसे अहम माने जाने वाले युवा मोर्चा को लेकर भी कई दावेदार सक्रिय हैं। बताया गया कि जिला भाजयुमो अध्यक्ष के लिए प्रखर श्रीवास्तव, पिन्टू वर्मा, नोमेश वर्मा, ज्ञानेन्द्र गुप्ता के नाम शामिल हैं। हालांकि यदि 32 साल से कम उम्र वाला फार्मूला चला तो नीरज यादव, चिंटू सोनकर, शिवम यादव, उज्जवल कसेर के नाम भी आ सकते हैं। वहीं मौजूदा जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह सहित आकाश चोपड़ा, नीरज यादव को प्रदेश की भाजुयमो कार्यकारिणी में स्थान दिया जा सकता है।



### किसान मोर्चा-पिछड़ा वर्ग के लिए भेजे नाम

जिला किसान मोर्चा के नए अध्यक्ष के लिए दादूराम सोनकर, मूलचंद लोधी और ऋषि चौधरी के नाम पैनल में शामिल हैं। वहीं किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी में मूलचंद लोधी, कैलाश शर्मा, हिरेन्द्र साहू, रविन्द्र वैष्णव को शामिल किया जा सकता है। ऐसे ही पिछड़ा मोर्चा के लिए जिला अध्यक्ष की रेस में राजेश बिसने, मनोज निर्वाणी और प्रदेश कार्यकारिणी के लिए शिव वर्मा, रविन्द्र वैष्णव के नाम शामिल हैं।

### महिला मोर्चा में दो नाम

जिला महिला मोर्चा की कमान के लिए भी कई दावेदार अपने नाम के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। हालांकि प्रमुखता से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के लिए पूर्व पार्षद मिथलेश्वरी वैष्णव, देवकुमारी साहू, भेसबाई साहू और पुष्पा गायकवाड़ जैसे नाम सामने आ रही है। वहीं प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, वर्तमान में अध्यक्ष किरण साहू और पारूल जैन के नाम बताए जा रहे हैं।

# राइस मिल में दबिश, 1300 कट्टा धान किया जब्त, खाद्य निरीक्षक को हटाया

## कोचियों से सांठगांठ की शिकायत पर खाद्य निरीक्षक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कोचियों के खिलाफ जारी प्रशासन की कार्रवाई के बीच अब टीम ने राईस मिलों में भी दबिश देना शुरू कर दिया है। राईस मिल में पहुंचकर टीम मौजूद धान की जानकारी ले रही है। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर एक्शन भी लिया जा रहा है। ऐसी ही एक कार्रवाई जिले के तुमड़ीबोड़ में मंगलवार को प्रशासन द्वारा की गई, जहां अरोरा फूड प्रोडक्ट राईस मिल के भौतिक सत्यापन के दौरान 1300 कट्टा अधिक पाया गया। जिसको जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने से जिले में कोचियों के खिलाफ कार्रवाई का दौर जारी है। अब तक डेढ़ सौ से अधिक प्रकरण में लगभग छह करोड़ रुपए का धान पकड़ा जा चुका है। वहीं अब उठाव शुरू होते ही प्रशासन ने अपनी निगरानी राईस मिल पर बढ़ा दी है। पिछले एक सप्ताह के दरमियान जिले की तीन राईस मिलों में टीम ने दबिश देकर सत्यापन का कार्य किया है। जिसमें गड़बड़ी मिलने पर जब्ती की कार्रवाई भी की जा रही है।



### सोरी को मिला जिम्मा

डोंगरगढ़ के खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा को हटाने की करवाई भी कलेक्टर द्वारा की गई है। उनके स्थान में गरिमा सोरी को डोंगरगढ़ ब्लॉक के खाद्य निरीक्षक का जिम्मा सौंपा गया है। प्रशासनिक सूत्रो से अनुसार खाद्य निरीक्षक सिद्धांत मिश्रा के कोचियो से सांठ गाँठ होने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके बाद ही यह करवाई की गई है।

### मंडी अधिनियम के तहत एक्शन

मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को राजस्व विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन के दौरान तुमड़ीबोड़ स्थित अरोरा फूड प्रोडक्ट में 1300 कट्टा धान पाया गया। जिसको लेकर संचालक से दस्तावेज की मांग की गई। संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं मिलने के बाद टीम द्वारा मंडी अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की गई है। ज्ञात हो कि प्रशासन लगातार जिले की राईस मिल पर नजर बनाकर रखे हुए हैं।

## तीनों जिलों में परिवहन की शुरूआत अब तक 45 हजार क्विंटल धान उठा

राजनांदगांव और केसीजी जिला के बाद मंगलवार से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भी धान के उठाव की शुरूआत हो गई है। अविभाजित जिले में अब तक 45 हजार क्विंटल धान का उठाव भी कर लिया गया है। हालांकि अब भी तीन दर्जन से अधिक केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान स्टॉक है। उल्लेखनीय है कि पिछले 15 नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी के तहत अब तक अविभाजित जिले में 32 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। अविभाजित जिले के 174 उपार्जन केंद्रों के जरिये खरीदी हो रही है। इनमें तीन दर्जन से अधिक केंद्रों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में उठाव की रफ्तार तेज करना जरूरी हो गया है। सर्वाधिक समस्या केसीजी में देखने को मिल रही है, जहां लगभग 30 फीसदी समितियों में धान का स्टॉक अधिक हो गया है।

# होटल संचालकों के बीच मारपीट दोनों पक्षों से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव क्षेत्र में दो होटल संचालकों के बीच हुए मारपीट के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 नवंबर को रात्रि डोंगरगांव के गौतम होटल के पास दो पक्षों में विवाद होने की सूचना पर मौके पर डोंगरगांव पुलिस की टीम रवाना हुआ एवं घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया, जिस पर डोंगरगांव स्थित योगेश दोसा एवं गौतम होटल के संचलकों द्वारा पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद मारपीट होना पाया गया।

### रिपोर्ट पर मामला दर्ज

घटना में प्रार्थिया भानबाई यादव 50 साल निवासी वार्ड 11 सिनेमा लाइन की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 बीएनएस एवं प्रार्थी योगेश कुमार देवांगन 33 साल निवासी वार्ड नं. 2 जेन्टस क्लब मैदान के पास द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 296, 115(2), 191(2), 49, 109 बीएनएस एवं का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था।

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम गठित कर अपराध विवेचना एवं आरोपी पतासाजी किया जा रहा था। विवेचना के दौरान धारा 296, 115(2), 351(2), 191(2), 333 बीएनएस के तहत एक पक्ष के आरोपी योगेश देवांगन 33 साल निवासी डोंगरगांव, त्रिलोचन देवांगन 62 साल निवासी डोंगरगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है एवं अन्य आरोपी नागपुर अस्तपाल में ईलाजरत होने से गिरफ्तारी नहीं किया जा सका है। वहीं धारा 296, 115(2), 191(2), 49, 109 बीएनएस में दूसरे पक्ष के आरोपी सुजल कुमार मोंगरे 19 साल साकिन इंदिरा आवास, शुभम सोनकर 19 साल साकिन पवन ज्वेलर्स के सामने डोंगरगांव, राजेन्द्र कुमार यादव 33 साल साकिन वार्ड नं. 12 बोधीटोला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपी का गिरफ्तारी करना शेष है।

**आवश्यकता है**

ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!

जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | 1. चिचोला | 1 पद |
| सेल्समेन | 1. डोंगरगांव | 2 पद |
| | 2. छुरिया | 2 पद |
| | 3. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |

नोट :- आकर्षक वेतन, मोटर साइकिल अनिवार्य।
इंटरव्यू दिनांक : 12.12.2025, स्थान : राजनांदगांव

संपर्क स्थल : **जैन मोटर्स** स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

# गढ़चिरौली में 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## कोरकट्टी कांड में थे शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चलाए जाने के बाद नक्सलियों का आत्मसमर्पण जारी है। बुधवार को गढ़चिरौली में ग्यारह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 82 लाख रुपए का ईनाम था। इन सभी ने डीजी रश्मि शुक्ला के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। समर्पण के दौरान चार हथियार भी साथ लाए और गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष समर्पण किए हैं। इधर चार हार्डकोर नक्सलियों ने कांकेर में सरेंडर किए हैं, जो मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कोरकोट्टी-मदनवाड़ा में शामिल थे। सभी लंबे समय से छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय रहे है।

कांकेर एसपी आई. कल्याण एलिसेला ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहे है। जिसमें कई जवानों की शहादत हुई थी। ये नक्सली कांकेर जिले के अलावा महाराष्ट्र, मोहला-मानपुर क्षेत्रों में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति और फोर्स के बढ़ते दबाव के कारण लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

⏩ शेष पेज 14 पर

### कांकेर में चार ने किया सरेंडर

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे कांकेर जिले को नक्सल मोर्चे पर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। मदनवाड़ा-कोरकोट्टी हमले में शामिल रही महिला नक्सली समेत 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2009 में हुए मदनवाड़ा-कोरकोट्टी हमले ने पूरे देश को हिला दिया था। जिसमें राजनांदगांव के तत्कालीन एसपी विनोद चौबे समेत 29 जवान शहीद हो गए थे।

### गढ़चिरौली में घातक नक्सली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 11 माओवादी कैडर बाजू गुड्डी लेकामी डीवीसीएम-भमरगढ़ एलओएस 57 वर्ष निवासी एडासगोंडी, तालुका एटापल्ली जिला गढ़चिरौली, किरण हिदामा कोवासी डीवीसीएम वेस्ट बस्तर डिवीजन के सदस्य 35 वर्ष निवासी चिंतगुफा जिला सुकमा, लकी अदामा गोटा पीपीसीएम सेक्शन कमांडर पीएलजीए बटालियन नंबर 1 उम्र 41 वर्ष निवासी चेरपल्ली भोपालपट्टनम जिला बीजापुर, सना मासू ओयम पीपीसीएम कंपनी नंबर 7 उम्र 32 वर्ष टेकलगुडा उसुर जिला बीजापुर, रागो इरिया वेलाडी पीपीसीएम कंपनी नंबर 7 उम्र 30 वर्ष निवासी एडापल्ली भोपालपट्टनम जिला बिजापुर, कुमारी भीमा वेलाडी एसीएम कान्हा भोरमदेव 36 वर्ष निवासी चेरपल्ली भोपालपट्टनम जिला बीजापुर, मुरा लछू पुंगती एसीएम कुटुल एरिया कमेटी 35 वर्ष निवासी कुमनार तालुका भामरागगढ़ जिला गढ़चिरौली, सोनू पोदियाम प्लाटून नंबर 2 उम्र 19 वर्ष निवासी बेरेवाड़ा पखानजुर जिला कांकेर, प्रकाश उर्फ कुंद्रा पुंगती सदस्य प्लाटून नंबर 32 आयु 22 वर्ष निवासी गट्टेकल ओराछा जिला नारायणपुर, जैनी टोंडे पल्लो सदस्य प्लाटून नंबर 32 आयु 22 वर्ष निवासी पडगुंडा ओराछा नारायणपुर, साईनाथ शंकर मेड सदस्य एओबी आंध्र-उड़ीसा बॉर्डर 23 वर्ष निवासी सैंड्रा भोपालपट्टनम जिला बीजापुर शामिल हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, सांसद कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और साहयिकाओं ने अपने तीन दिवसीय प्रदर्शन के अंतिम दिन आज ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन स्थल से रैली निकाली और सांसद कार्यालय का घेराव किया।



न्यूनतम वेतनमान सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका द्वारा तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने और सांसद कार्यालय के घेराव का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन

⏩ शेष पेज 14 पर

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~1699~~ से ₹ ~~2599~~
प्रति पीस वाले
विश्व स्तरीय प्रीमियम क्वालिटी कॉटन ब्रांडेड
मेन्स शर्ट
₹333 में प्रति पीस
1 शर्ट की कीमत मात्र ₹333 में

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

सुमीत मंडी परिसर, बसंतपुर रोड, राजनांदगांव

*condition apply

## कांग्रेस की जांच टीम पहुंची किसानों के बीच, जाना ग्रामीणों का पक्ष

# ग्रामीणों ने कहा : नहीं चाहिए सीमेंट फैक्टरी, बैज बोले कांग्रेस उनके साथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

श्री सीमेंट फैक्ट्री खुलने से प्रभावित होने वाले गांव के किसानों से मिलने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज विचारपुर पंडरिया पहुंचे। उन्होने किसानों से चर्चा कर फैक्ट्री के विरोध में हो रहे आंदोलन की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। किसानों ने एक स्वर में कहा कि हमारी भूमि हमारी धरोहर है जिसे हम नहीं छोड़ेंगे। वही बीते 6 दिसम्बर को प्रभावित क्षेत्र से ब्लाक मुख्यालय के लिए निकली विशाल ट्रैक्टर रैली के दौरान लाठी चार्ज को दुखद बताया। श्री बैज ने किसानों से कहा कि पार्टी का प्रत्येक सिपाही किसानों के साथ है। आज और कल भी किसानों को हक नहीं मिलने तक साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, हर्षिता बघेल, यशोदा जंघेल, शहीद भाई, नवाज खान, जितेन्द्र मुदलियार, गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, कामदेव जंघेल, टारकेश्वर साह खुशरो आदि मौजूद थे।

### परियोजना रद्द करने अड़े किसान

संड़ी, विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली, भरदा गोड़ में प्रस्तावित श्रीसीमेंट फैक्ट्री को लेकर बुधवार को होने वाली जनसुनवाई को स्थगित कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट फैक्ट्री खुलने से करीब 40 गांव प्रभावित होंगे। क्षेत्र में बेहतर कृषि भूमि है जिसके सहारे हजारों परिवार जीवन यापन करते हैं। फैक्ट्री खुलने से लोग बेघर हो जाएंगे। कृषि भूमि बंजर हो जाएगी। किसानों का कहना है कि जब तक फैक्ट्री खुलने का प्रस्ताव रद्द नहीं किया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### लाठीचार्ज की जांच

बीते दिवस टैक्टर रैली के दौरान पुलिस ने लाठी चार्ज किया था। प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस मामले की जांच करने सात सदस्यों की टीम गठित किया है जो बुधवार को पंडरिया विचारपुर ने पहुंच कर किसानो से मुलाकात किया। घटना की रिपोर्ट तैयार किया। जनप्रतिनिधियों ने किसानों से कहा कि इस लडाई में उनकी ही जीत होगी।

## शहीदों की नगरी में कांग्रेस अध्यक्ष का जोशीला स्वागत



**छुईखदान।** प्रदेश इंका अध्यक्ष दीपक बैज का बुधवार को नगर आगमन हुआ। श्री बैज के काफिला के नगर सीमा में प्रवेश करते ही लोगों ने फूल-मालाओं के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। राजा गिरिराज किशोर दास तथा जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने जय स्तंभ चौक पर आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी और गगनभेदी नारों से पूरा चौक गूंज उठा। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं की भीड़ ऐसी उमड़ी कि कई बार जवानों को सक्रिय होना पड़ा।

प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज के स्वागत में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान नवाज खान, विपिन यादव, नपं के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शताक्षी सिंह, दशमत जंघेल, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, संजय महोबिया, गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, कमलेश यादव, हेमंत वैष्णव, नित्यशरण सिंह, दीपक वैष्णव, आशु खान, अख्तर सोलंकी, मनीष कोचर, प्रकाश महोबिया, अनिमेष महोबिया, मलिक खान, शैलेन्द्र तिवारी, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टॉकेश्वर शाह, खुसरो, भिगेश यदु, मोहसिन खान, लेख नारायण सहित अन्य मौजूद थे।

### भविष्य की रणनीति पर चर्चा

प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज ने आयोजित अनौपचारिक बैठक में संगठन की मजबूती, किसानों से जुड़े मुद्दों, ग्रामीण विकास, सहकारिता तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने व जन समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### खिलेन्द्र निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**छुरिया।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लॉक छुरिया की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। गठन के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष जयंत कुमार बावने निर्वाचन अधिकारी के रूप में मौजूद थे। इस दौरान जिला सचिव टिकेश्वर साहू सह निर्वाचन अधिकारी थे। निर्विरोध संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष खिलेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कुंदन पांडे, सचिव महेंद्र पाल, सह सचिव रतिराम साहू, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, सह कोषाध्यक्ष सरिता साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कविता सोनी, उपाध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी, प्रवक्ता सहनोज जार्ज, सह प्रवक्ता स्वाति सलाम एवं सहसचिव अशोक कंवर निर्वाचित हुए।

### ठाकुरटोला में रासेयो शिविर का आयोजन



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशन में रासेयो इकाई ने सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ठाकुरटोला में किया। नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित शिविर का उद्घाटन सरपंच चुलेंद्री रामप्रसाद लोधी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डां ओपी अग्रवाल, किरण नरेडी, सतीश देवांगन, संजय वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, कौशिल्या वर्मा थी। शिविर का संचालन रासेयो प्रभारी अरुण साहू के मार्गदर्शन एवं दल नायक रितेश पटेल, उप दलनायक डेकेश्वर, उप दल नायिका लता यादव के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुभाष ठाकुर, ज्योति वर्मा, कामिनी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### योगासन स्पर्धा में मेघराज तृतीय



**डोंगरगढ़।** सुल्तानपुर में आयोजित राष्ट्रीय खेलकूद अंतर्गत योगासन में सरस्वती शिशु मंदिर के मेघराज वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन, सचिव अविनाश ब्राह्मणकर, प्रकाश गिरधर, नीलम चोपड़ा, केशवलाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले ने बधाई दी है।

### क्रिकेट स्पर्धा में सीआईटी और सहसपुर लोहारा विजेता



**डोंगरगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार सेक्टर लेवल क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू महाविद्यालय के स्टेडियम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 15 दिसंबर तक चलेगी। शुभारंभ जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, श्री भाटिया, प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, क्रीड़ा अधिकारी डॉ एमएल नंदेश्वर ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेल खेलने प्रोत्साहित किया। प्रथम मैच सीआईटी महाविद्यालय राजनांदगांव और शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सीआईटी राजनांदगांव की टीम ने जीत दर्ज की। द्वितीय मैच शासकीय महाविद्यालय छुईखदान और शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा के मध्य खेला गया। सहसपुर लोहारा की टीम ने जीत हासिल किया। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ एमएल नंदेश्वर ने दी।

### चयनित अग्निवीर का सम्मान



**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम खैरी के दो युवा त्रिलोचन वर्मा और लिकेश कुमार साहू का भारतीय सेना में अग्निवीर पद पर चयन हुआ है। उनका चयन होने पर ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ोती, भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, हेमू साहू सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी ने शामिल होकर अग्निवीरों का सम्मान किया। इस दौरान पुरुषोत्तम वर्मा, केशव बघेल, भुनेश्वर वर्मा, दिनेश वर्मा, दास वर्मा, साबितराम वर्मा, लोटन वर्मा, सेवक बघेल, खेमूराम वर्मा,तारस साहू सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती यदु ने शाल भेंटकर आरती उतारा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली है। दोनों युवा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### छूटे खसरों को जोड़ने 15 तक लगेंगे शिविर

**मोहला।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों के ऐसे खसरे जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत थे, वह कैरी फारवर्ड हो गए हैं, परंतु वह समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नहीं है। किसानों को धान विक्रय में सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने छूटे हुए खसरे को एग्रीस्टेक पोर्टल में यूएफआर के माध्यम से जोड़ा जाना तय किया है, ताकि समिति स्तर पर सभी खसरे धान खरीदी हेतु उपलब्ध हो सके। जिले में लंबित खसरों की संख्या 5 हजार 617 है। एग्रीस्टेक पोर्टल में यूएफआर करने के लिए सभी समितियों के धान उपार्जन केंद्रों में आगामी 15 दिसंबर तक शिविर लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने किसानों से अपील की है कि जिनके खसरें लंबित हैं वह धान उपार्जन केंद्रों में आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाईल नंबर एवं बी-वन खसरा, ऋण पुस्तिका जैसे भूमि के दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर छूटे हुए खसरों को जुड़वा सकते हैं।

## तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी का गठन

### सभी पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

तहसील साहू संघ देवरी बंगला की 7 दिसम्बर को मासिक बैठक रखा गया। बैठकआराध्य देवी मां कर्मा की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई। इस दौरान तहसील साहू संघ की

कार्यकारिणी का गठन किया गया। पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि टुमनलाल साहू एवं अध्यक्षता कर रहे रमेश सोनवानी ने शपथ दिलाया।

कार्यकारिणी में नरेंद्र हिरवानी अध्यक्ष, अविनाश साहू, उर्मिला साहू उपाध्यक्ष, डॉ डीपेश साहू, धनेश्वरी साहू संगठन सचिव, किशोरी साहू प्रमुख सलाहकार, चंद्रभान हिरवानी सचिव, निरंजन साहू कोषाध्यक्ष, विष्णु मोहनमाला, लीलाबाई साहू संयुक्त सचिव, पोषण बनपेला जिला प्रतिनिधि, छक्कन लाल साहू, रोमन लाल साहू, एवनी साहू प्रचार सचिव, श्यामलाल हिरवानी अंकेक्षक, जीवन कश्यप संयोजक विधि प्रकोष्ठ, चित्ररेखा साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, नेमीन साहू सह संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, कृष्णकांत साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ, मनीष सोनबरसा, ओमप्रकाश साहू, देविका साहू सहसंयोजक युवा प्रकोष्ठ, मुकेश साहू संयोजक कर्म.प्रकोष्ठ, नंदुराम साहू सह संयोजक कर्म.प्रकोष्ठ, डॉ टोमेश साहू संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ, चुरामन हिरवानी, परमानंद साहू, सोहन कश्यप, जगत राम साहू प्रचार मंत्री, इमेश साहू मिडिया प्रभारी, तीरथ राम साहू को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है।

विशेष आमंत्रित सदस्य कांतिप्रकाश सोनबरसा, टुमनलाल साहू, दौलत साहू, ढालसिंह हिरवानी, पुष्पा कश्यप, उत्तम साहू, कार्यकारिणी सदस्य केआर साहू, रामप्रसाद साहू, पुरुषोत्तम साहू, मनीष अटल, कोमन साहू, आनंद साहू, सुरजभान साहू, विष्णु साहू, बोहरिक साहू, नरेश साहू एवं पुनाराम साहू संदेशवाहक हैं।

### मोतीपुर में देवांगन समाज का शपथ ग्रहण आज

**राजनांदगांव।** देवांगन समाज की मोतीपुर इकाई का शपथ ग्रहण कल गुरुवार को शाम छह बजे आयोजित है। समाज के प्रादेशिक भवन में होने जा रहे इस कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। उसके बाद आगामी माह में कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती की तैयारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। इकाई के अध्यक्ष पंचम देवांगन ने सामाजिकजनों से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## मौलिक कर्तव्यों को जाने और निभाएं: धमगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव




डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में 10 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस प्राचार्य डॉ.ए.के.धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो के तत्वावधान मेंमनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने मौलिक कर्तव्य को जानने और जरूरत पड़ने पर निर्वहन करने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाषण, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में बालशंकर प्रथम, चंद्रमुखी माली द्वितीय, आकाश बोरकर तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में योगिता प्रथम, देविका द्वितीय, एकता तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में दामिनी राजपूत प्रथम, ओमकार नायक द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो प्रभारी प्रो प्रियांकी गजभिए, डॉ.आशाराम साहू के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक गौतम नेताम, काजल राजपूत, सारिका टंडन, जितेंद्र साहू, कमलेश साहू, नंदकुमार साहू, संध्या मेश्राम आदि मौजूद थे। आयोजन में सत्यम वैष्णव, डोमेश्वरी साहू, अंकिता चेलक, अंकुश दीक्षित, देवनारायण माली आदि स्वयं सेवक शामिल हुए। संचालन स्वयं सेवक शोभित साहू ने किया। अंत में सात दिवसीय विशेष शिविर और आपदा प्रबंधन के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

### मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

**मोहला।** विद्युत विभाग ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार के लिए ग्राम पंचायत कोर्रामटोला एवं धान उपार्जन केंद्र छछानपहरी, बांधाबाजार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ग्राम पंचायत कोर्रामटोला में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण उपभोक्ताओं को योजना के लाभ, पात्रता तथा आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया। ग्रामीणों को बताया गया कि यह योजना घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली लागत कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है। धान उपार्जन केंद्र छछानपहरी, बांधाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में किसान आदि शामिल हुए।

## साहू समाज अध्यक्ष के घर पहुंचे उपमुख्यमंत्री



■ परिजनों और भाजपाईयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विवेकानंद वार्ड पहुंचकर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू और उनके परिजनों से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री श्री साव गत दिनों साहू समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के पश्चात श्री साव प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू एवं जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू के निवास सौजन्य भेंट करने पहुँचे।परिजनों ने उपमुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, रामकिशन महेश्वरी, हीरेन्द्र साहू, गीता साहू, रविन्द्र वैष्णव, घासी साहू, दीना पटेल, अंजू त्रिपाठी, हेमंत चोपड़ा, शिवराम साहू, सुरेंद्र साहू, जीवन साव, रामप्रकाश,साहू, केआर साहू, कोमल साहू, पुरषोत्तम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पर्धा के आयोजन से बढ़ता है बच्चों का मनोबल

# संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का रंगारंग उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



भंडारपुर में संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य ने की। विशिष्ट अतिथि रविन्द्र वैष्णव, उत्तरा निषाद, खिलेश्वर साहू, हिरदेराम देवांगन, अशोक मरकाम, नैनसिंह पटेल एवं के सरपंच सीमा चन्द्रंवशी थी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि खेल का मैदान बच्चों के सपनों को न केवल पंख देता है, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा बच्चों की ऊर्जा समाज की असली शक्ति है। अध्यक्षता कर रहे श्री भुआर्य ने कहा कि यह आयोजन बच्चों की ऊर्जा, प्रतिभा और परिश्रम की तस्वीर है। विशिष्ट अतिथि रविन्द्र वैष्णव, जनपद सभापति उत्तरा निषाद ने भी संबोधित किया।

उद्घाटन अवसर पर बच्चों ने मार्च-पास्ट से समूचे मैदान को उत्साह से भर दिया।इस अवसर पर भुपेन्द्र नायक, मंगल साहू, दशरथ चन्द्रवंशी, नंदकुमार चन्द्रवंशी, प्रदीप पटेल, दुर्योधन साहु, रामेश्वर चन्द्रवंशी, मूनबाई चन्द्रवंशी, यशोदाबाई, सविता साहू, यद्योदिया साहु, संजु साहु, अशोक सेन, चन्द्रहास घृतलहरे, कृष्णकुमार साहू, नरेन्द्र साहू, सत्यप्रभा साहू, आत्माराम चन्द्रवंशी, दुलारसिंग, महेश सिन्हा, महेश्वरी छेदेया, सुमन देशमुख, धननाथ मरकाम, कार्तिक धृतलहरे, बेला चन्द्रवंशी, चैनदास डहरे, सौरभ, देवनारायण साहू, खेमचंद साहू, महेन्द्र गड़े, हृदयलाल आदि उपस्थित थे।



### बेजा वसूली की शिकायत कलेक्टर से

**डोंगरगढ़।** कन्हारगांव, देवकट्टा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर देवकट्टा उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ किसानों से वसूली करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत में बताया कि जब से धान खरीदी प्रारंभ हुई है तब से प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों से धान खरीदी के नाम पर बेजा वसूली कर रहे हैं। मांग के मुताबिक पैसा नहीं देने पर धान को बेचने योग्य नहीं बताकर परेशान किया जाता हैं। किसान मजबूर होकर पैसा दे रहे हैं। किसानों ने कर्मचारीयों को हटाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान देवकट्टा सरपंच अनिल वर्मा, कन्हारगांव सरपंच अल्का मेश्राम, जैनकुमार मेश्राम, कीर्तन कंवर, हरक पटेल, श्यामलाल कंवर, सुरेश, प्रकाश कुमार, चरण, गंगाराम, धन्नू पटेल, शंकर पटेल, अजय पटेल, पीलेश पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धामनसरा में मिर्च आचार प्रशिक्षण का प्रदर्शन

**हरदी।** पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा नवंबर माह में ग्राम धामनसरा में मिर्च आचार बनाने की विधि का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ.विनम्रता जैन, डॉ. अभय बिसेन, डॉ. शिवाजी लिम्जे एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों व महिला समूहों में मिर्च आचार बनाने की प्रक्रिया, लाभ, उपयोग और संरक्षण के बारे में बताए गया। महाविद्यालय सुरगी के चतुर्थ वर्ष के छात्र आकाश, आर्यन, धनंजय, जय, हमेंद्र ,दीप्ति, दिव्यांजलि, दिव्या, गुंजिता, दिव्यांश, गौरव, जयदीप आदि उपस्थित थे।

### मना शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे ने शहीद वीरनारायण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया और मौजूद स्टुडेंट्स को बताया कि 1856 मे जब पूरा प्रदेश अकाल की मार झेल रहा था, खाने पीने के लाले पड़ गए थे उस समय जनता को बुरा हाल मे देखकर वीर नारायण सिंह ने अंग्रजो से सहायता प्राप्त साहूकारो के गोदामो से अवैध तरीके से एकत्रत अनाज लूटकर पीड़ित जनता को बांटकर उनकी प्राण रक्षा की थी। इस घटना को अंग्रेजों ने कानून का उल्लंघन मानकर उन्हें बंदी बनाकर जेल मे डाल दिया। पूरा जीवनकाल अंग्रेजो के नीतियों का विरोध करने के कारण 10 दिसम्बर 1857 को मृत्युदंड की सजा दे दी गई थी। समाजशास्त्र विभाग के धरमपाल वर्मा ने शहीद वीरनारायण सिंह पर प्रकाश डालते हुए बताया की इनका जन्म 1795 में छत्तीसगढ़ के सोनाखान में एक जमींदार परिवार में हुआ था। अंग्रेजों द्वारा चलाए जा रहे दमनचक्र का विरोध किया। राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेश आडवानी, हिंदी विभाग के यशपाल जंघेल, डॉ उमेन्द चंदेल ने भी शहीद वीरनारायण सिंह के योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे स्टुडेंट्स उपस्थित थे।

### लोगों के मन में शंका , कही हालात सुधरने का इंतजार तो नहीं

# श्री सीमेंट प्लांट के विरोध को लेकर जिला प्रशासन बैकफुट पर

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

छुईखदान ब्लाक के संडी मे लाइम स्टोन ब्लाक को लेकर 11 दिसंबर को होने वाली जनसुनवाई अचानक जिला प्रशासन द्वारा स्थगित करने से लोगों के मन मे अलग-अलग शंका जन्म ले रही है।

परियोजना को लेकर खनन, पर्यावरण, खेती और विकास की इस बहस में अब अगला कदम प्रशासन की ओर से घोषित होने वाली नई तिथि तय करेगी फिलहाल जनसुनवाई स्थगित होने के बाद क्षेत्र में तनाव थोड़ा कम जरूर हुआ है, लेकिन विवाद अभी भी जस का तस खड़ा है।

आंदोलन से जुड़े नेता इसे अपनी पहली पर आंशिक जीत मान रहे है वही कांग्रेसी इसे पूर्व सीएम भूपेश बघेल से जोड़कर देख रहे है जबकि भाजपा ने तो सोशल मीडिया मे सीएम से मुलाकात का पोस्ट डालकर यह लिख दिया है कि जनविरोध को देखते हुए उनके प्रयास पर प्रशासन ने जनसुनवाई स्थगित कर दी है लेकिन इस बीच एक धड़ा ऐसा भी है जो यह मानता है कि किसानों के आक्रोश और दलीय राजनीति से हटकर क्षेत्रीय हित के भाव को लेकर जारी आंदोलन मे जनसुनवाई की प्रारंभिक प्रक्रिया को स्थगित कर जिला प्रशासन ने जलती आग में महज पानी डालने का काम किया है। इससे जिला प्रशासन के साथ साथ सीमेंट कंपनी के कर्ताधर्ताओं को भी आंदोलन से जुड़े किसान नेताओं को साधने और किसानों से सीधे संवाद का पूरा अवसर मिल जाएगा। इस स्थिति में अब देखना यह है कि जनसुनवाई स्थगन संबंधी आदेश जारी होने के बाद पानी से आग पूरी तरह से बुझ जाती है, धीमी पड़ती है या आने वाले समय मे फिर दुबारा तेजी से सुलगती है।

## जनसुनवाई स्थगित होने से तनाव कम

### जमीन सुरक्षित होने तक जारी रहेगा संघर्ष

जनसुनवाई स्थगन को लेकर आंदोलन से जुड़े नेताओं का कहना है कि यह उनकी पहली जीत है लेकिन उनका यह भी कहना है किसान हित को लेकर संघर्ष लगातार जारी रहेगा। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने तो पूरी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किसान हितो की अनदेखी कर कंपनी के सहयोगी की भूमिका का निर्वहन कर रहे जिला प्रशासन के जिम्मेदार नेताओ को जनहित को प्राथमिकता देनी ही होगी। सड़क से जारी संघर्ष को अदालत तक लेकर जाएंगे। विधायक यशोदा वर्मा भी किसानों के हित को प्राथमिकता देकर उनके साथ खड़ी है। सुधीर गोलछा ने कहा कि परियोजना पर पूरी तरह से तालाबंदी होने तक किसान के भूत, वर्तमान और भविष्य को सहेजे रखने हर मोर्चे पर आवाज बुलंद होगी। लुकेश्वरी जंघेल का कहना है कि सीमेंट कंपनी की जगह सरकार कृषि आधारित योजना को लागू करे किसान साथ है लेकिन योजना और परियोजना को लेकर सरकार को स्थिति साफ करनी चाहिए। आज पांच गॉव कल पचीस हो जाएंगे और पूर्वजो की जमीन पर शांतिपूर्वक स्वस्थ जीवन जीने वाला किसान हताश परेशान होगा। श्रवण जंघेल ने कहा कि पूर्वजो ने सारी जिंदगी लोगों के हितो को देखकर सुविधा उपलब्ध कराई है उसको छोड़कर जाने का सवाल ही नही उठता। बाप दादाओं ने हमारा सोचा और अब हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को सोचे। किसी भी हालत मे किसान पीछे नही हटेंगे।

### कलेक्टर की मौजूदगी पर उठाया सवाल

गिरवर जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल सहित आंदोलन से जुड़े नेताओं ने सीमेंट कंपनी की प्रेस वार्ता में कलेक्टर और जिंप सीईओ की मौजूदगी पर जिला प्रशासन की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए कहा कि साल भर से किसान अलग अलग मंचों से ज्ञापन देते आ रहे है, लेकिन जिम्मेदार मौन रहे और अब किसान हितों की अनदेखी कर कंपनी के सहयोगी बन रहे है। किसानों के विरोध को जन आंदोलन बताते हुए कहा कि यह स्वस्फूर्त वर्तमान और भविष्य को लेकर चिंतित किसानों का समूह है जो अपनी माटी और बच्चों के भविष्य को लेकर किसी प्रकार का सौदा नही करना चाहता। यह जन आंदोलन है इसमे कांग्रेस या भाजपा नही पूरे इलाके के जनप्रतिनिधि किसानो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जल, जमीन, जलवायु को लेकर चिंतित है और किसी भी स्थिति परिस्थिति मे वर्तमान और भविष्य को लेकर समझौता करने को राजी नही है हालांकि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मीडिया से कहा था कि इस मामले में लोगों के मन में कई भ्रम हैं, जिन्हें संवाद के जरिए दूर किया जा सकता है। जनसुनवाई ग्रामीणों के लिए अपनी आपत्तियां और सवाल सीधे रखने का वैधानिक मंच है इसके साथ प्रशासन अलग से भी बातचीत के लिए तैयार है ताकि पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके।

# अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 491 कट्टा धान जब्त



**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**

जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडी, पुलिस, खाद्य निरीक्षक और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबीर की सूचना पर छापा मारकर लगभग 491 कट्टा धान जब्त किया है। यह धान 16 चक्का वाले एक ट्रक में भरकर राजनांदगांव से गंडई लाया गया था।

### आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले

जांच के दौरान, जब्त किए गए धान से संबंधित मंडी अनुज्ञा (परमिट), बिल या कोई अन्य वैध दस्तावेज संयुक्त टीम को नहीं मिला। इस आधार पर, टीम ने 16 चक्का वाले ट्रक को धान के साथ जब्ती बनाकर आगे की कार्रवाई के लिए गंडई थाने के सुपुर्द रखवाया है।

### गोदाम में अनलोडिंग के दौरान पकड़ी गई गाड़ी

जानकारी के अनुसार, संयुक्त टीम ने गंडई स्थित पिनेश देवांगन के गोदाम पर छापा मारा, जहां ट्रक से धान की बोरियां अनलोड की जा रही थी। गाड़ी से लगभग 400 कट्टा धान अनलोड किया जा चुका था। गाड़ी में 91 कट्टा धान बचा हुआ था जिसके साथ गाड़ी को पकड़ा गया। सूत्रों के अनुसार कुल 491 कट्टा धान की जब्ती बनाया गया है जिसमें से 400 सौ कट्टा धान को उक्त गोदाम में रखवाया गया है एवं बाकी के 91 कट्टा धान गाड़ी समेत जब्त कर थाने में रखवाया गया है।

### कार्रवाई की जाएगी

उक्त मामले में मंडी अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
- **सुश्री रेणुका रात्रे,** डिप्टी कलेक्टर

# वीर नारायण सिंह प्रतिमा की होगी स्थापना, लगेगा हाई मास्क लाइट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**



शहीद वीर नारायण सिह कि शहादत दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा फरहद चौक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का आजादी में प्रमुख योगदान रहा है। उन्हें आज हम इसलिए याद कर रहे हैं, क्योकि उन्होंने एक समाज ही नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अपने आप को बलिदान कर दिए। कार्यक्रम में महापौर सहित सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, पार्षद बीना ध्रुव, पार्षद कुलेश्वर ध्रुव व सेवक उइके, पूर्व पार्षद मुकेश ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव व पंकज कुरंजेकर, गोडवाना यूथ क्लब अध्यक्ष नरेन्द्र मंडावी, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष लेखराम मात्रा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में चौक का नामकरण, प्रतिमा स्थापना तथा हाई मास्क लगाने की महापौर द्वारा घोषणा करने पर समाज के लोगों ने उनका पगड़ी पहनाकर आभार व्यक्त कर कहा कि आज के इस शहादत दिवस पर रेवाडीह-फरहद चौक एक नई पहचान पाई है। आज यह चौक केवल एक स्थान ही नहीं रहा, बल्कि शहीद वीर नारायण सिंह के अमर साहस का प्रतीक बन गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का उज्जवल कसेर, सूर्यकांत श्रीवास, पुरंदर लाल उइके, रोम सिंह मंडलोई, डेविड कुमार भुआर्य, प्रहलाद ठाकुर, ईश्वर चंद्रवंशी, बीएन धनगुन, लालदेव तारम, देवसिंह अमेला, क्षितिज सोरी, राजकुमार सलामे, सुरेन्द्र मंडावी, खोरबाहराराम साहू आदि ने पुष्पहार से स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शहीदों को श्रद्धांजलि देने किया आह्वान

महापौर यादव ने कहा कि आदिवासी समाज ने अनके महापुरूष दिए, जिन्होंने हिन्दुस्तान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि इस पावन दिवस पर फरहद चौक का नाम शहीद वीर नारायण सिंह चौक करने की मैं घोषणा करता हूँ, इसके अलावा समाज की मांग पर उनकी प्रतिमा लगाने तथा चौक में हाई मास्क लाईट लगाने का भी मैं आश्वासन देता हूं। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि शहीद वीर नारायण सहित समाज व देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने समाजहित में कार्य कर समाज का नाम रोशन करें।

# वेतन विसंगति को लेकर छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

- संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी को दिलाया गया याद

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**



विधानसभा निर्वाचन दौरान भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र मे मोदी की गारंटी को पूरा करने के वादे को याद दिलाने छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व ने ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान फेडरेशन अध्यक्ष सहित पदाधिकारियो ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र मे मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के लाखों सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति सौ दिन मे पूरा करने का वादा किया था लेकिन आज 2 साल से ज्यादा समय बीतने को है इस गारंटी के क्रियांवयन का कोई अता पता नहीं है। जिसके चलते प्रदेश के लाखों सहायक शिक्षकों मे हताशा है। सीएम के नाम विधायक यशोदा वर्मा को सौंपे ज्ञापन मे फेडरेशन ने सरकार से निवेदन किया कि शीतकालीन सत्र में मोदी की गारंटी को पूरा कर दशकों से वेतन विसंगति का दंश झोल रहे शिक्षको की समस्या का सिरे से निराकरण किया जाए। टेट परीक्षा अनिवार्य किए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी के नाम का ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह को सौपा गया वही प्राथमिक प्रधान पाठक में पदोन्नति को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम देशमुख, शिवचरण वर्मा, भिकेंद्र जंघेल, संजीव धुर्वे, भगवती प्रसाद सिन्हा, कोमलचंद कोठारी, लुमेश्वरी साहू, महेश्वरी मरकाम, संजूराम कंवर, लेखराम वर्मा, टोंकराम सिंह, गांधीधाम साहू, लोकनाथ देवांगन, वीरेंद्र पटेल, लखनलाल साहू, दिलीप वर्मा, पिताम्बर वर्मा सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन सदस्य मौजूद थे।

# भिलाई में 25 से व्हालीबॉल चैम्पियनशिप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

छग राज्य की सीनियर महिला-पुरूष व्हालीबॉल चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 25 से 28 दिसंबर तक पंत स्टेडियम भिलाई में किया गया है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला पुरूष एवं महिला टीम भाग लेगी। जिसके लिए राजनांदगांव जिला पुरूष एवं महिला टीम का गठन किया जाना है। राजनांदगांव जिला टीम के गठन के लिए विकासखंड स्तर की टीम का प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसंबर को सुबह 09 बजे से स्थानीय स्टेट हाई व्हालीबाल ग्राउंड राजनांदगांव में रखा गया है।

इस प्रतियोगिता में 4 विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव एवं छुरिया की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता के दौरान जिला के पुरूष एवं महिला टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगें। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का 15 से 23 दिसंबर तक कैम्प का आयोजन किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के सीनियर खिलाड़ी इस चयन प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपनी उपस्थिति 14 दिसंबर को सुबह 09 बजे स्थानीय स्टेट हाईस्कूल राजनांदगांव में शामिल होकर ट्रायल सलेक्शन में भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी देवेन्द्र सिंह गरचा जिला व्हालीबाल संघ राजनांदगांव द्वारा दी गई।

### दस माह से निगम में नहीं हुई सामान्य सभा

**राजनांदगांव।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम की विगत 10 माह से सामान्य सभा नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते कहा कि भाजपाइयों द्वारा निगम में सत्ता संभालने के बाद अब तक सामान्य सभा नहीं होने से निगम की माली हालत खराब हो गई है। इससे शहर विकास के कार्य रूके पड़े है। उन्होंने कहा कि निगम की सत्ता में विराजे भाजपा महापौर द्वारा सामान्य सभा नहीं कराए जाने से जहां नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पानी, साफ-सफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है। दिक्कत की बात यह कि सफाई के लिए अभी तक नए वर्ष का ठेका भी तक नहीं दिया जा सका है। इधर समान्य सभा नहीं होने से शहर विकास संबंधी प्रस्ताव पास नहीं हो पा रहे। इससे निगम में पैसा नहीं आ पा रहा है। श्री पिल्ले ने बताया कि ट्रीपल इंजन वाली सरकार की स्थिति यह है कि पिछले कई माह से निगम को चुंगी कर का भी पैसा भी नहीं मिल पाया है। इससे ले-देकर राजस्व वसूली से निगम की गाड़ी खींच पा रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह कांग्रेस शासन द्वारा भेजे गए कांग्रेसी व भाजपा पार्षदों एवं स्वयं महापौर की पार्षद निधि राशि भाजपा सरकार द्वारा रोक दिए जाने से शहर विकास संबंधी कोई कार्य नहीं हो पा रहा। इससे पार्षदों को जनता का कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है।

## जैविक खाद बनाने की विधि से कराया अवगत

# कृषि महाविद्यालय सुरगी के छात्रों ने किया मटका खाद निर्माण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदी**



पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के छात्रों द्वारा मटका खाद प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सस्ती, सरल और पर्यावरण के अनुकूल जैविक खाद बनाने की विधि से अवगत कराना था।

छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि मटका खाद तैयार करने के लिए एक मिट्टी का मटका, गोबर, गौमूत्र, गुड़,बेसन का प्रयोग किया जाता है।

छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान मटके में सामग्री मिलाने की विधि, तैयार खाद के लक्षण तथा इसे खेतों में कैसे उपयोग करना है यह भी दिखाया। उन्होंने बताया कि मटका खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ पौधों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है।

### कार्यक्रम में किसान रहे उपस्थित

कार्यक्रम में गांव के किसान और महाविद्यालय सुरगी के बीएससी चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी जय कुमार, जितेन्द्र, कैलाश, कशिश, खेमा, कोमल, कीर्ति, लाकेश्वर, लक्ष्मी, लीलावती, लीना एवं लोमेश ने ग्रामीण कृषि अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को यह जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों के ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के समन्वयक डॉ. शिवाजी लिमजे सह-प्राध्यापक तथा प्राध्यापक डॉ. नितिन कुमार तुर्रे एवं प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार चन्द्राकार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### 14 को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन, यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 14 दिसंबर को डोंगरगढ़ में आयोजित है। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, अति विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान व अध्यक्षता ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर चौकी, विशिष्ट अतिथि सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, मदन यादव सरपंच कनेरी, बिहारीलाल यादव संरक्षक, जीआर अहीर संरक्षक, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष यादव समाज, महेश्वरी रंजीत यादव सरपंच हरणसींघी शामिल होंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग विधि एवं विधायी कार्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अति विशिष्ट अतिथि मधुसूदन यादव महापौर, अध्यक्षता जगनीक यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, विशिष्ट अतिथि रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, हरीश मोटघरे पार्षद डोंगरगढ़ एवं अन्य लोग शामिल रहेंगे।

# दादा- दादी, नाना-नानी को याद आया बचपन

**डोंगरगढ़।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में प्राचार्य एसआर कुजूर के नेतृत्व में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह से भरा रहा। परिसर को आकर्षक रंगोली, स्वागत पोस्टर से सजाया गया था। समारोह के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना किया गया। संचालन की जिम्मेदारी अष्मिता वर्मा और एस हंसवी ने संभाला। इस मौके पर बच्चों ने स्वागत नृत्य, राष्ट्रभक्ति, दादा-दादी को समर्पित गीत और रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान पीएल वर्मा और श्री भैसारे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में बड़ों के प्रति सम्मान, संस्कार और स्नेह को बढ़ाते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक संजू नागदेवे ने माता-पिता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य श्री कुजूर ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी केवल परिवार के वरिष्ठ सदस्य ही नहीं बल्कि बच्चों के लिए ज्ञान, अनुभव और संस्कारों के जीवित स्त्रोत हैं। अंत में टीपी ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।



# डोंगरगांव में हिन्दू सम्मेलन 25 को



**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**

- हिन्दू सम्मेलन की तैयारी के संबंध में बैठक

स्थानीय यादव भवन में नगर में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन की तैयारी के संबंध में बैठक आहूत की गई । बैठक में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, आयोजन समिति के प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में उपस्थित जनों से चर्चा की। कार्यक्रम के स्वरूप की जानकारी साझा करते हुए बताया कि हिन्दू सम्मेलन में नगर एवं खुज्जी मंडल के कुल 26 ग्रामों के सभी समाज प्रमुखों से संपर्क कर सर्व समाज की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति तय करने की जिम्मेदारी तय की गई। सभी की रायशुमारी से 25 दिसम्बर को साकेत धाम में आयोजन करना तय किया गया। बैठक में रामकिसन महेश्वरी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रमेश सोनी, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, अंजू त्रिपाठी, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, राजा जैन, मनोज हेमनानी, संतोष यादव, गजेंद्र हरिहारनों, अधिवक्ता सतीश पाण्डेय, योगेश पटेल, खेमूदास साहू, जनक साहू, पन्नालाल यादव, मनीष पटेल, नरेश कुंभकार, महेश्वर साहू, कुलदीप ठाकुर, राकेश देवांगन, लक्ष्मण साहू, वीरेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### संत जगनाडे महाराज की मनाई गई जयंती



**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीय तेली समाज द्वारा समाज की आराध्य देव संत संताजी जगनाडे महाराज की 401वीं जयंती सामाजिक भवन परिसर पर स्थापित संत महाराज की पूजा-अर्चना समाज के वरिष्ठ सदस्य हरिकृष्ण साकुरे द्वारा की गई। समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत, सचिव चंद्रशेखर बावनकर व उपाध्यक्ष संतोष समरीत द्वारा महाराज के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सामाजिकजनों द्वारा संत महाराज की गुरू वंदना व महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।
युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने बताया कि संत जगनाडे महाराज की जयंती प्रतिवर्ष मनाई जाती है। कार्यक्रम में समाज के हिम्मतलाल पाटिल, मदन मानकर, गणेश बिसने, कमल समरीत, जशवंत कोल्हे, चुन्नीलाल बिसने, नरेंद्र लांजेवार, अनिल मानकर, बसंत समरीत, वासुदेव गायधनी, चंद्रकांत गिरेपुंजे, सूर्यकांत साकुरे, अरुण घाटोडे, गजेन्द्र लांबट, चंद्रभूषण गायधनी, प्रकाश अवचट, मनोज भिवगड़े, गोपाल तराने, प्रेमचंद देशमुख, संतोष हटवार, राजेश बिसने, दिलीप भोंगाडे, महेश साकुरे, प्रवीण अवचट, राजू देशमुख, बंटी भिवगड़े, रितेश गवते, दीपक गायधने, रोहित अवचट, मोनू रोकड़े, अभिषेक गिरेपुंजे, मोनू लांजेवार, राहुल सतीमाहुरे, आशीष बावनकर, हर्ष तराने, दादू समरीत व अन्य की उपस्थिति रही।

### धान खरीदी पर सरकार की नियत में खोट



**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने राज्य की भाजपा सरकार की नियत पर सवाल खड़ा करते आरोप लगाया कि सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना ही नहीं चाहती है, इसलिए प्रतिदिन का जो लिमिट तय किया है, उससे अंतिम तिथि तक धान खरीदी होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले से ही किसान रकबा के गायब होने ओर गिरदावरी के नाम से परेशान है। सरकार अपनी खामियों को सुधार नहीं पा रही है। वहीं कटाई और मिंजाई होने के बाद किसानों को धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने जद्दोजहद करना पड़ रहा है। किसानों को कोई दिन टोकन नहीं मिल रहा है। ऊपर से तुर्रा यह है कि सरकार ने धान खरीदी का जो लिमिट तय किया है, वह काफी कम है।
उन्होंने कहा कि निर्धारित लिमिट के मुताबिक खरीदी होती रही तो अंतिम तिथि तक किसान धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही है और अपनी नाकामी को छुपाने के लिए धान खरीदी में तरह-तरह के रोड़े लगा रही है, ताकि उसकी असफलता से पर्दा न उठे। उन्होंने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और मोदी की गारंटी के तहत गांव में ही तत्काल भुगतान व्यवस्था करने की मांग की है।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गान अनिवार्य हो : राजेश



**राजनांदगांव।** सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी एवं युवा भाजपा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम को राष्ट्रध्वज तिरंगा व राष्ट्रगान जन-गण-मन की तरह देश की आन-बान और शान बताते केंद्र सरकार से वंदेमातरम गान को अनिवार्य किए जाने की मांग की है। देश के सभी जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय के लोग इसे पूरे शान के साथ गा सकेंगे और धरती मां की वंदना करते गर्व की अनुभूति कर सकेंगे।

### कांकरिया के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी



**राजनांदगांव।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं पंचशील किराया भंडार के संचालक स्वरूपचंद कांकरिया के आकस्मिक निधन ने शहर को गहरे दुःख में डुबो दिया है। दुःख की घड़ी में कांकरिया परिवार ने समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते उनका नेत्रदान किया। जिससे दो जरूरतमंद व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ।
निधन के पश्चात परिवार के सदस्यों ने नेत्रदान का निर्णय लिया। परिवार के सदस्य प्रभात कांकरिया ने इस संदर्भ में उदयाचल के अशोक मोदी से संपर्क किया। इसके बाद उदयाचल संस्था की प्रशिक्षित टीम ने नेत्रदान की पूरी प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक संपन्न किया। नेत्रदान कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से पूरा करने में समाजसेवी संस्था उदयाचल ने अहम भूमिका निभाई। संस्था अनेक दशकों से शहर में नेत्रदान को बढ़ावा देती आई है और अब तक अनगिनत लोगों को दृष्टि प्रदान कराने में सहायक रही है।

### शहीद वीरनारायण का योगदान याद रहेगा : अनिता



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के इतिहास विभाग में शहीद वीरनारायण सिंह जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ शहीद वीरनारायण के चित्रों पर पुष्पांजलि से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्रांति के समय देश के अधिकांश भागों की तरह छत्तीसगढ़ भी प्रभावित हुआ था। सन 1856 में इस क्षेत्र में भीषण अकाल पड़ा और लोगों को भूखों मरने की नौबत आ गई थी। ऐसे समय में वीरनारायण सिंह ने व्यापारी के गोदाम का अनाज किसानों को बांटा तथा इसकी सूचना डिप्टी कमिश्नर को भी दी थी, पर उनके कृत्य को कानून विरोधी समझा गया था। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महिश्वर ने कहा कि वीरनारायण सिंह को छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाना जाता था। वे सोनाखान के जमींदार थे। सन 1857 के विद्रोह में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी। 10 दिसंबर 1857 को उन्हें जयस्तंभ चौक रायपुर में फांसी दी गई थी। कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्र में सैनिकों को संगठित कर सेना तैयार करने का कार्य अदम्य साहस का प्रतीक था। 1857 की क्रांति के समय वीरनारायण सिंह के संघर्ष को कभी भूला नहीं जा सकता। वो आजादी के सच्चे सिपाही थे। आज के युवा पीढ़ी को वीरनारायण सिंह के शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. अजय शर्मा, प्रो. टोमेन्द्र साहू के साथ एमए इतिहास एवं एमएससी वनस्पति शास्त्र की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डाली वर्मा एवं कावया बनवासी का चयन



**राजनांदगाँव।** जिले के सुकुलदैहन स्तिथि स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा बारहवीं की छात्रा डाली वर्मा पिता बनवाली वर्मा एवं कक्षा छठवीं की छात्रा काव्य बनवासी पिता इंद्र कुमार बनवासी का राष्ट्रीय स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार डॉली ने कुराश खेल एवं काव्या ने कराते खेल में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब उनके प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हुआ है जिसमे वे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके इस उपलब्धि पर समस्त शाला परिवार ने डाली एवं काव्या को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नियमित अध्यापन के संबंध में होनी चाहिए मानिटरिंग

# ऑनलाइन क्लासेस की सराहना, शिक्षा व्यवस्था सुधारने 12 बिंदुओं पर होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा की गुणवत्ता एवं व्यवस्था सुधारने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दुर्ग संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ ही शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। बैठक में जहां नांदगांव जिले की ऑनलाइन क्लासेस को लेकर सराहना की गई। वहीं सभी जिलों को शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए 12 बिंदुओं के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें कक्षावार बच्चों को कराए जाने वाली एक्टिविटी भी शामिल है।

जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की समीक्षा बैठक ली। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सभी डीईओ एवं बीईओ शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने फिल्ड में नियमित तौर पर स्कूलों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा होना चाहिए। उन्होंने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत शिक्षकों की स्थानांतरण के संबंध में गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की नीतियों के अनुरूप जिन शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण अंतर्गत अभी तक ड्यूटी ज्वाईन नहीं की है, उन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई पर विशेषतौर पर ध्यान देने की जरूरत है। जियो टैगिंग एवं शिक्षकों की उपस्थिति के माध्यम से नियमित अध्यापन के संबंध में मानिटरिंग होनी चाहिए। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के साथ ही शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए प्राईवेट टयूटर्स, शाला त्यागी बच्चों की स्थिति में सुधार होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश तथा उनके अध्ययन की मानिटरिंग करने के लिए कहा।




**परिणामों में सुधार लाने पर फोकस**

इस बैठक में बोर्ड परीक्षा के साथ ही घरेलू परीक्षा के परिणामों को लेकर भी चर्चा की गई। शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के लिए सभी शिक्षक उत्कृष्ट कार्य करें। शिक्षक मेहनत करेंगे तो इसके बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि बच्चे शाला त्यागी नहीं हो तथा उनके पढ़ने की अभिरूचि बनी रहे। शिक्षकों को अध्यापन कार्य के लिए प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। वर्षभर की कार्य योजना के अनुरूप अध्यापन कार्य होना चाहिए। परीक्षा परिणामों के आधार पर जवाबदेही तय होगी तथा प्राथमिक कक्षाओं में भी बेहतर परिणामों के लिए सतत मूल्यांकन करने के निर्देश दिए।

सत्र 2024-25 के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम एवं सत्र 2025-26 का लक्ष्य, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम श्रेणी, 80 प्रतिशत से अधिक एवं 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संभावित संख्या, कक्षा तीसरी से पांचवीं तक 20 तक का पहाड़ा तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक 25 तक का पहाड़ा, कमजोर बच्चों के लिए बारह खड़ी लागू करने उपचारात्मक शिक्षण, भवनविहीन विद्यालयों की संख्या, मॉडल स्कूल बनाए जाने वाले विद्यालयों की संख्या, समग्र शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय, पीएम ई-विद्या चैनल के उपयोग, आने वाले वर्षों में जिलों के लक्ष्य के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति होनी चाहिए, ताकि शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे। स्कूलों में ड्राप आऊट में कमी लाने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। सभी बीईओ एवं डीईओ निरंतर दौरा करें। दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते समेकित कार्ययोजना बनाकर परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की आवश्यकता है। प्राचार्यों एवं बीईओ के वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कार्यों की सतत मानिटरिंग करें।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि राजनांदगांव जिले में बच्चों में पढ़ाई के प्रति अभिरूचि जागृत करने के लिए पढ़ाई का कोना एक पहल की जा रही है। जिसमें बच्चों के लिए अपने पढ़ाई के लिए एक विशेष स्थान होगा, ताकि घर में पढ़ाई का माहौल रहे। उन्होंने जिले में नीट एवं जेईई के लिए चलाए जा रहे ऑनलाइन कोचिंग के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सभी ने शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए अपने अनुभव साझा किए।

## जेएनवी और एनएमएमएसई द्वितीय मॉक टेस्ट आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में सभी विकासखंडों में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के लिए द्वितीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

विनोबा टीम की मदद से विकासखंड स्तरीय केन्द्रों में जेएनवी एवं एनएमएमएसई द्वितीय मॉक टेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जेएनवी परीक्षा में कुल 800 तथा एनएमएमएसई परीक्षा में 400 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जेएनवी परीक्षा में कुल 800 तथा एनएमएमएसई परीक्षा में 400 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों में परीक्षा प्रक्रिया सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हुई। यह परीक्षा पूरी तरह से मुख्य परीक्षा आधारित थी। जिसमें बच्चों को ओएमआर शीट माध्यम से अपने उत्तर भरने थे। यह परीक्षा सभी विद्यार्थियों की तैयारी को गति प्रदान करेगा।

## गाईड लाइन दरों में सुधार

**राजनांदगांव।** राज्य शासन द्वारा गाईड लाइन दरों में जनमानस के लिए आवश्यक सुधार किया गया है। कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्सेस पर रजिस्ट्री दर कम हुई है। मुख्य सड़क से 20 मीटर से ज्यादा दूर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्सेस पर 25 प्रतिशत कम दर से मूल्यांकन, दो फसली भूमि पर लगने वाला 25 प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य अब नहीं लगेगा। जिससे किसानों का खर्च कम होगा। ट्यूबवेल पर 85 हजार रुपए और कुएं पर 70 हजार रुपए अतिरिक्त जोडऩे का नियम हटाया गया है। जिससे जमीन सस्ती पड़ेगी। अब परिवर्तित भूमि के लिए सिंचित भूमि का 2.5 गुना रेट नहीं लगेगा। जिससे लोगों को सीधी राहत मिलेगी। केला, पपीता, गन्ना जैसी वाणिज्यिक फसलें होने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त दर अब नहीं लगेंगी। जिससे किसानों को राहत मिलेगी। बिक्रीशुदा जमीन पर लगे पेड़ों पर अब स्टाम्प और पंजीयन शुल्क नहीं लगेगा। जिससे किसानों को राहत मिलेगी। तालाब व मछली टैंक वाली जमीन पर 1.5 गुना रेट अब नहीं लगेगा। जिससे रजिस्ट्री शुल्क कम हुआ है। अब असिंचित जमीन का मूल्यांकन सिंचित दर से 20 प्रतिशत कम होगा, इससे कृषकों को बड़ा फायदा होगा। बाउंड्रीवॉल और प्लिंथ लेवल पर लगने वाले सभी अतिरिक्त शुल्क समाप्त किया गया है। जिससे रजिस्ट्री शुल्क कम होगी। अब फ्लैट, दुकान, कार्यालयों के बाजार मूल्य की गणना सिर्फ बिल्ट-अप एरिया से होगी, सुपर बिल्ट-अप से नहीं होगी। जिससे खरीददारों पर अतिरिक्त बोझ खत्म होगा। मल्टीस्टोरी बिल्डिंग पर छूट बढ़ी है।

## दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र में पुलिस लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। इसी अभियान के तहत उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक सुरज कोसरे 21 साल व प्रदीप यादव 21 साल दोनों निवासी ग्राम तिलईरवार के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

## छात्र-छात्राओं का किया रक्त परीक्षण

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कन्हारपुरी हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग की जिला इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त परीक्षण एवं सिकलसेल जांच की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन एवं मानव अधिकार दिवस के संदर्भ में छात्र-छात्राओं के मध्य सुलेख प्रतियोगिता कराई गई एवं विजयी छात्र-छात्राओं को जिला इकाई अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहिनी युवराज भारती, प्राचार्य संगीता खोबरागढ़े, कैडेट क्लब अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी, पूर्व पार्षद महेश साहू, संदीप जायसवाल, मिलिंद मुदलियार, धारगवे, इकाई के अध्यक्ष मुनीर अली हाशमी थे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मानव अधिकार के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. करण पंसारी एवं मेडिकल स्टाफ द्वारा 50 से



अधिक छात्र-छात्राओं का रक्त परीक्षण तथा सिकलसेल की जांच की गई। सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम कुमकुम वैष्णव, द्वितीय चारु शांडिल्य, तृतीय आमेश्वरी साहू तथा देविका साहू और तृप्ति पटेल पुरस्कृत किए गए। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम जितेंद्र साहू, द्वितीय भोज निर्मलकर, तृतीय टेकराम निर्मलकर, लक्की साहू, आयुष साहू पुरस्कृत किए गए। अंत में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल तिवारी द्वारा किया गया।

## पृष्ठ 11 का शेष

### गढ़चिरौली में 11...

कांकेर जिले में अब बहुत सीमित संख्या में नक्सली शेष बचे हैं, जो जल्द ही आत्म समर्पण कर सकते हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50-50 हजार की सहायता राशि भी पुलिस की तरफ से प्रदान की गई है।
**इतने लाख के थे ईनामी-** बुधवार को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में बड़ी घटना में शामिल रही मंजुला उर्फ लक्ष्मी पोटाई भी शामिल है, जिस पर 5 लाख का ईनाम घोषित था। इसके अलावा काजल उर्फ रजिता कंपनी नंबर 10 की सदस्य जिस पर 8 लाख का ईनाम घोषित था। विलास उर्फ चैतु उसेंडी ईनामी 5 लाख और रामसाय उर्फ लखन ईनामी 5 लाख ने भी आत्मसमर्पण किया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं...

स्थल से रैली निकाली और नारेबाजी करते सांसद कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधि को प्रधानमंत्री के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग- अपने प्रदर्शन को लेकर आंगनबाड़ी राज्य सीटू यूनियन की अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि देशभर में 1 तारीख से 10 तारीख तक प्रदर्शन किया गया। वहीं राजनांदगांव में 8 तारीख से 10 तारीख तक तीन दिवसीय प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें मानदेय नहीं 26 हजार रुपए वेतन दिया जाए। वहीं सरकार हमें कर्मचारी घोषित करें। ज्ञापन के माध्यम से विभिन्न मांगे- अपने रैली और ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि देशभर में सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए एक समान सेवा शर्तें लागू किया जाए, मासिक धर्म अवकाश दिया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को कोई गैर-आईसीडीएस कार्य नहीं देने, कोई बीएलओ ड्यूटी नहीं सौंपने सहित 10 मांगे रखी गई है।

## उज्ज्वला योजना का तीसरा चरण, जिले के छह हजार हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत योजना के तीसरे चरण 3.0 में देशभर के जरूरतमंद परिवारों के लिए 25 लाख निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना की जानकारी देने के लिए स्थानीय प्रेस क्लब में एक प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित किया गया।

जिसमें डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान और राज्य तेल समन्वयक नितिन चौहान सहित इस योजना से जुड़े विभिन्न प्रतिनिधियों ने जानकारी देते बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की महिलाओं को रसोई ईंधन उपलब्ध कराने के लिए देशभर में 25 लाख परिवार और राजनांदगांव जिले में 5 हजार 6 सौ परिवारों के लिए स्वीकृति दी गई है। इस योजना में नजदीकी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से गरीब परिवारों की वयस्क महिलाएं जिनके परिवार में पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं है और परिवार की मासिक आमदनी 10 हजार रुपए से कम है, वह आवेदन कर सकती है।




**केवाईसी कराने अपील**

उज्जवला योजना के तहत राजनांदगांव जिले में लगभग 1 लाख 73 हजार एलपीजी गैस कनेक्शनधारी है। इनमें से 79.73 प्रतिशत हितग्राहियों का ही केवाईसी पूर्ण हुआ है। वहीं लगभग 21 प्रतिशत हितग्राहियों ने केवाईसी नहीं कराया है। जिनसे केवाईसी कराने की अपील की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि 8 सिलेंडर लेने के बाद केवाईसी करना अनिवार्य है।

**निःशुल्क मिलेगा उपकरण**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन लेने वाले लाभार्थियों को निःशुल्क डिपॉजिट रहित सिलेंडर, रेगुलेटर, सुरक्षा होज, निःशुल्क गैस चूल्हा और पहला रिफिल भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि मई 2016 में प्रारंभ हुई उज्जवला योजना के तहत अब तक 10.33 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं।

**राशन कार्ड के आधार पर मिलेगा कनेक्शन**

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान बताया गया कि जिन घरों में दो परिवार अलग-अलग रह रहे हो और राशन कार्ड अलग है। उस परिवार में किसी एक के पास उज्जवला कनेक्शन होने के बाद दूसरे परिवार में गैस कनेक्शन नहीं होने पर इस योजना का लाभ मिलेगा।

## पक्षपात और झूठी रिपोर्ट का लगाया आरोप

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया। यहां के योगेश दोसा कार्नर के संचालक त्रिलोचन देवांगन, उनके पुत्र और गौतम होटल के संचालक राहुल यादव सहित अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसके बाद देवांगन परिवार के लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इसको लेकर आज दोनों ही पक्षों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डोंगरगांव थाना पुलिस के खिलाफ आरोप लगाया है। देवांगन परिवार ने अपनी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया। वहीं यादव परिवार ने पुलिस पर झूठी रिपोर्ट दर्ज करने का आरोप लगाया और मामले की निष्पक्ष जांच करने मांग की है।

बीते 20 नवंबर को किसी पुरानी रंजीश को लेकर दोनों ही परिवार के लोगों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रार्थी भानबाई यादव ने बताया कि डोंगरगांव पुलिस मामले में उनके तथा उनके परिवार वालों के ऊपर जबर्दस्ती एफआईआर दर्ज कर दी है।



उन्होंने कहा कि 20 नवंबर को नागपुर से कुछ लोगों को बुलाकर उनके घर में बलात घुसकर उनके पति तथा पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गई । इसके बाद होटल पहुंचकर उनसे मारपीट की गई। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने के 1 दिन बाद पुलिस ने आरोपी पक्ष रिपोर्ट के आधार पर उनके परिवार के सदस्यों पर जबर्दस्ती अपराध पंजीबद्ध कर लिया। जबकि घटना में उनके परिवार के सदस्य शामिल ही नहीं थे। इसके सारे साक्ष्य पुलिस को देने के बाद भी पुलिस ने अब तक मामले में उनके तथा उनके परिवार वालों को कोई भी राहत नहीं दी, बल्कि लगातार उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

**एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप**




कॉन्फ्रेंस करते दूसरे पक्ष त्रिलोचन देवांगन ने कहा कि उनके पुत्र योगेश देवांगन एवं मेरे मित्र जो नागपुर से मिलने घर आए हुए थे, जिनसे राहुल यादव, गब्बर यादव, प्रवीण तिवारी, भानू यादव एवं हिरदेश आदि के द्वारा गाली-गलौज व मारपीट कर लोहे के रॉड एवं लकड़ी के बल्ली से मारपीट किया है। जिससे सुरेन्द्र नवले का बांया हाथ टूट गया है तथा सिर में गंभीर चोंटे आई है। जिसकी रिपोर्ट के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। डोंगरगांव पुलिस इस मामले में समझौता करने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर हमारे खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर दी। इसके बाद सुबह 21 नवंबर को हमारे द्वारा भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया, लेकिन हमें जेल भेज दिया गया और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई।



सौगात : भाजपा सरकार में हर गांव तक विकास पहुंच रहा है

# सड़क स्वीकृति, विकास की नई रफ्तार व जनविश्वास का सशक्त प्रमाण है: भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से केवल पंडरिया विधानसभा ही नहीं बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में निरन्तर विकास कार्य हो रहें हैं। केंद्र सरकार द्वारा भी छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यो को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 57 किलोमीटर लंबाई से अधिक के 27 सड़कों के निर्माण हेतु 55 करोड़ 23 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। पंडरिया विधानसभा को मिली इस सौगात के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय के प्रति आभार व्यक्त किया।

विधायक श्रीमती बोहरा ने इसे जनविश्वास और जनसहयोग की जीत बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सिर्फ घोषणा नहीं, बल्कि धरातल पर विकास की ठोस तस्वीर प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि समग्र विकास की रीढ़ होती है। पंडरिया क्षेत्र में स्वीकृत यह राशि क्षेत्र के गांवों को आपस में जोड़ते हुए किसानों की फसलों की समय पर परिवहन सुविधा बढ़ाएगी। ग्रामीण बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाएगी। रोजगार, व्यापार और परिवहन गतिविधियां तेज होंगी वहीं सामाजिक व सांस्कृतिक सम्पर्क बेहतर होगा। इन सड़कों के निर्माण से अवसर, उन्नति और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी सुदृढ़ होगा।

### डबल इंजन भाजपा सरकार गांव-गांव में आधारभूत संरचना मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध




विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन भाजपा सरकार गांव-गांव में आधारभूत संरचना मजबूत करने हेतु प्रतिबद्ध है। हर घर तक पक्की सड़क पहुंचाना हमारा संकल्प है। 55 करोड़ से अधिक की यह स्वीकृति पंडरिया का भविष्य मजबूत करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरेगी। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी 400 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्य पंडरिया विधानसभा में हो रहें हैं। हमारा लक्ष्य है सुदृढ़ सड़क नेटवर्क, समृद्ध गांव और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत, इन सड़कों के निर्माण से समग्र ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित होगा और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति, रोजगार एवं व्यापार को नई गति मिलेगी। यह केवल सड़क निर्माण नहीं, एक बेहतर भविष्य की नींव है।

### पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के इन 27 सड़कों का होगा निर्माण

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम देवसरा से पंडरीपथरा मार्ग, सोमनापुर से मोतेसरा, भटरुसे से पथर्री कंझेटा मार्ग, बोहिल से झूमर मार्ग, भेलकी मुख्य मार्ग से चुलटोला वाह्य बदनाटोला मार्ग, बांगर मुख्य मार्ग से कोटनापानी, बांगर से धारटोला मार्ग, देवानपटपर से चिकलापानी मार्ग, बिरहुलडीह से करालु मार्ग, महिडबरा से नवापारा मार्ग, बांगर से आरुगटोला मार्ग, दमगढ़ मुख्य मार्ग से लुदुटोला से चारभाठा, दमगढ़ से महुआपानी मार्ग, बोहिल से फिफलीपानी, केसरमड़ा से गंडसरई मार्ग, भैंसाडबरी से बंदराटोला मार्ग, भेदरागढ़ से भेदरागढ़ बैगापारा, डालामोहा से पिपराकछार, जखना से धोबे मार्ग, दमगढ़ से लुदुटोला, बदना मार्ग से कारीढाप, बिरहुलडीह से लिफडी, अमनिया बारटोला रोड से दुलदुली-डोकरीगठिया, छिंदीडीह से टिकराटोला, कांदावानी से डेंगुरजाम-अमनिया, पैलपार से गोरखपुर खुर्द, पेंड्रा से पावले तक कुल 57.400 किलोमीटर सड़क का निर्माण 55 करोड़ 23 लाख 97 हजार की लागत से होगा।



## सारंगपुर खुर्द स्थित तालाब में पानी नहीं, पशु-पक्षी दर-दर भटकने मजबूर

■ ग्रामीणों ने की बोर खनन व पचरी निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित तालाब में पानी नहीं होने के कारण ग्रामवासियों तथा पशु-पक्षी व मवेशियों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

जिस पर ग्राम सारंगपुर खुर्द निवासी दुलारी धुर्वे और लेखूराम धुर्वे ने बताया कि तालाब में बदहाल तथा साफ सफाई का अभाव के कारण तालाब का पानी मटमैला व खराब हो चुके हैं। बताया जाता है कि ग्राम सारंगपुर खुर्द में विशाल श्री पंचदेव मंदिर और शनि देव मंदिर भी स्थित है जिनके पास तालाब का निर्माण वर्षो पहले कराया गया था, लेकिन अब वर्तमान में देखरेख के अभाव में तालाब में पानी की कमी है व अनुपयोगी सिद्ध हो रहा है।

जिस पर ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा तालाब गहरीकरण, बोर खनन एवं पचरी निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीण जनों को बुनियादी सुविधा लाभ मिल सकें।

**खबर संक्षेप**

### नंदरानी ने पुलिस जीडी आरक्षक परीक्षा में सफलता हासिल की



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** छत्तीसगढ़ पुलिस जीडी आरक्षक भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें वनांचल क्षेत्र के ग्राम पोलमी निवासी रामशरण साहू की सुपुत्री नंदरानी साहू का चयन हुआ है। बताया जाता है कि शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पोलमी से अपनी शिक्षा प्राप्त की है। वहीं नंदरानी की इस उपलब्धि से परिवार एवं ग्राम में खुशी का माहौल बना हुआ है, उनकी इस सफलता पर सहपाठियों, मित्रों, परिजनों और गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। ग्रामवासियों का कहना है कि नंदरानी ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम प्राप्त किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं में भी उत्साह का संचार हुआ है।

## पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों का आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों में अध्यापन करा रहे विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों का क्षमता विकास तथा आधुनिक टेक्नोलॉजीज में पारंगत बनाने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा के निर्देश पर पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम सहित प्रदेश के 151 विज्ञान शिक्षकों ने आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल जिसमें मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी रूप से लागू कराकर पूरे देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। प्रदेश सरकार राज्य के पीएमश्री स्कूलों को रोल मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब, ग्रीन स्कूल, खेल और आर्ट इंटीग्रल शिक्षा जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसके लिए शिक्षकों को भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है।



इस प्रशिक्षण में कवर्धा की नवाचारी शिक्षिका श्रीमती प्रियंका बाजपेयी ने बताया कि प्रशिक्षण में साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब, 3-डी प्रिंटर, गूगल क्लास रूम, साइबर सिक्योरिटी, साइकोलॉजिकल इंपैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एवं कक्षा संचालन के तरीके सिखाए तथा आईआईटी लैब का अवलोकन भी कराया गया। प्रशिक्षण के लिए जिले से प्रियंका बाजपेयी, विकास साव, तुम्मान कोसले, अंकित वाधवा, सोनू वर्मा, सत्कुमार सुमन का चयन किया गया था, जिन्होंने प्रदेश भर से 151 शिक्षकों के साथ आईआईटी जम्मू में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। इस प्रशिक्षण ने 21 वीं सदी के कौशलों तथा समग्र, सर्वांगीण विकास की अवधारणा को बहुत ही सरल, प्रभावी और अनुभवात्मक तरीके से समझाया। बच्चों की मनोवैज्ञानिक समझ, समावेशी शिक्षा तथा व्यवहारिक दृष्टिकोण पर आधारित सत्र भविष्य में विद्यार्थियों के निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

## नपं पाण्डातराई में राष्ट्र और संस्कृति उत्थान के लिए युवाओं का आह्वान: सूरत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई




नगर पंचायत पाण्डातराई में आयोजित दीप महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास सूरत सिंह अमृते ने अपनी प्रेरक वाणी में राष्ट्र, समाज और व्यक्तिगत जीवन के उत्थान पर जोर दिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का सपरिवार तिलक एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। कथा व्यास सूरत सिंह अमृते ने कहा कि निगेटिविटी आउट, पॉजिटिविटी इन की भावना अपनाए बिना आध्यात्मिक जीवन संभव नहीं। उन्होंने बताया कि मनुष्य के सुख-दुख का मूल कारण उसकी स्वयं की सोच है।

संत इमर्शन के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मनुष्य की एक मुट्ठी में स्वर्ग है और दूसरी मुट्ठी में नर्क। उसकी सोच ही तय करती है कि उसका घर स्वर्ग बनेगा या जीवन नर्क की ओर जाएगा। उन्होंने कहा कि चिंताजनक और नकारात्मक विचार मनुष्य को बेचैन करते हैं, जबकि सकारात्मक चिंतन उसे शांति और सुख प्रदान करता है। जितने भी महान पुरुष हुए, वे अपनी उच्च सोच और ऊंचे विचारों के कारण महान बने। उन्होने कहा कि मानव जीवन को एक बगिया की उपमा देते हुए कहा कि मनुष्य भगवान का राजकुमार है और यह पूरी सृष्टि उसकी बगिया है। यदि उसके विचार ऊंचे हों, तो जीवन गुणों के फूलों से भर जाता है। कथा के दौरान स्वामी विवेकानंद के विचारों का भी स्मरण कराया गया। जिसमें दुनिया में भगवान-देवियां कहीं बाहर नहीं, यदि दृष्टिकोण अच्छा है तो हर नारी में नौ देवियों का स्वरूप विद्यमान है मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, काली आदि। विवेकानंद द्वारा बताए तीन मानव स्तर नर पशु, नर पिशाच और महामानव पर प्रकाश डालते हुए अमृते ने बताया कि सत्संग और स्वाध्याय से मनुष्य नर-पशु से देव-मानव तक का उत्थान कर सकता है।

कार्यक्रम में 1008 दीपों का भव्य दीपयज्ञ आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भारी संख्या में उपस्थित होने की घोषणा की गई, जहां सभी संस्कार निःशुल्क होंगे। कई लोगों ने गायत्री मंत्र दीक्षा के लिए अपना नाम भी दर्ज कराया। अंत में कथा व्यास ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील करते हुए बताया कि 20 से 23 जनवरी तक शांतिकुंज हरिद्वार में अखिल विश्व गायत्री परिवार के विराट जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है।

### पीएम श्री एकलव्य विद्यालय में संगम एल्युमनी मीट समारोह का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला मुख्यालय से लगभग 45 किमी दूर सुंदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम तरेगांव जंगल स्थित जिले की एक मात्र पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भूत पूर्व छात्राओं के लिए संस्था के प्राचार्य जय किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में भव्य संगम एल्युमनी मीट समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य केपी गेंदले ने समारोह के आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह समारोह संस्थान के भूत पूर्व छात्राओं के साथ जुड़ी पुरानी यादों को जीवित करना तथा उन्हें भविष्य में बेहतर जीवन-शैली अपनाने हेतु मार्गदर्शन करना था। इस दौरान संस्थान के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से सत्र- 2012 में प्रथम पास आऊट हुए छात्राओं से लेकर सत्र-2024 तक अंतिम पास आऊट हुए छात्र छात्राओं के शासकीय पदों तथा अन्य उपलब्धियों से अध्ययनरत छात्राओं को अवगत कराया तथा उन्हें संस्थान के गौरव तथा धरोहर कहा। साथ ही समस्त भूत पूर्व छात्राओं का भव्य स्वागत के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं पीजीटी अंग्रेजी शिक्षक लालमणी सोनवानी ने मंच संचालन कर पूरे समां को बांधे रखा। समारोह में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हास्य खेल गतिविधियां हुई, जिसमें समारोह में उपस्थित पूर्व छात्र तथा पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष, वर्तमान सत्यमेव जयते जन कल्याण समिति कवर्धा तथा छत्तीसगढ़ मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष देवसिंह धुर्वे ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को प्रोत्साहन देते हुए बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वीं तथा कक्षा 12 वीं के छात्राओं को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम आने वाले को विद्यार्थियों को 1501 रूपए तथा द्वितीय 1001 रूपए प्रतिवर्ष प्रोत्साहन व सम्मान राशि देने की घोषणा की। इस दौरान शिक्षक डॉ गणेशराम राकेश, बीएस दिवाकर, एनडी चंद्रा, कनकराम साहू, धर्मराज वर्मा, पीटीआई एमके साहू, विक्रांत सिंह चौहान, बिसकुंवर मेरावी, रजनी सहित समस्त शिक्षक, पूर्व छात्र अजय कुमार नेताम, विजय कुमार धुर्वे, लालसिंह मरकाम, राजाराम मरकाम, कुलेश्वर मरकाम, लक्ष्मी पैंकरा, धर्मेंद्र नेताम, दिग्विजय मेश्राम सहित समस्त पूर्व एवं अध्ययनरत छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में आरपीएस व अभ्युदय स्कूल पहुंची ग्रैंड फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में प्रथम वर्ष कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 16 नवंबर से किया गया था, जिसे प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 बजे तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जा रहा है, जिसका चतुर्थ दिवस 7 दिसंबर को क्वालीफायर द्वितीय मैच अशोका पब्लिक स्कूल विरुद्ध श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे आरपीएस की टीम पहले बैटिंग करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन से 8 ओवर के मैच में 152 रन बनाए, जिसमे अखिलेश और उमेश ने अपने पार्टनरशिप के मदद से 105 रन बनाए, वही टीम का स्कोर बढ़ाने में अपना अहम योगदान दिए अशोका पब्लिक स्कूल के टीम इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 90 रन ही बना पाए। जिसमें योगेश वर्मा ने शानदार बैटिंग किया परन्तु अशोका की टीम को हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ आरपीएस के टीम ग्रैंड फाइनल में प्रवेश किए, जिसमें उनका सामना अब अभ्युदय स्कूल से होगा यह मैच 14 दिसंबर को छीरपानी मैदान में खेला जाएगा। वही एकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि अभी तक हुए मैच में सभी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन दिए है, 14 दिसंबर को अभ्युदय और आरपीएस के बीच फाइनल मुकाबला होगा। जिसमें मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नपा परिषद, गणेश तिवारी अध्यक्ष प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी, दीपक सिन्हा पार्षद उपस्थित रहेंगे और विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा. प्र. क्र.............. ब 121/वर्ष 2025-26

आवेदक- रमजान खान पिता स्व. उस्मान मिया जाति मोमिन निवासी ग्राम पण्डरिया तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पण्डरिया प.ह.नं. 36 सूचित किया जाता है कि आवेदक रमजान खान पिता स्व. उस्मान मिया साकिन पण्डरिया तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के मां मदीना बी पति स्व. उस्मान मिया उर्फ लाला खान की मृत्यु दिनांक 25.03.2000 को पण्डरिया में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 19.12.2025 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 24.11.2025**
**पेशी दिनांक- 19.12.2025**

मुहर

तहसीलदार
पण्डरिया

### नवीन किसान भवन उद्घाटन के बाद किसानों ने राहत की सांस ली

## 22 वर्ष बाद गन्ना किसानों को मिला किसान भवन का लाभ

■ किसानों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर




जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर स्थित छत्तीसगढ़ के प्रथम भोरमदेव शक्कर कारखाना परिषर में 22 वर्ष बाद आखिरकार गन्ना किसानों के लिए बहुप्रतीक्षित किसान भवन तैयार हो गया। वर्षो से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशान हो रहे किसानों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। कारखाना क्षेत्र में कबीरधाम जिले के 300 से 400 तक गन्ना से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली रोज पहुंचते हैं। भीड़ अधिक होने की वजह से किसानों को कई-कई दिन परिसर में ही रुकना पड़ता था। रात में ट्रैक्टर ट्राली के नीचे सोना, दिनभर धूप-पानी के लिए भटकना और समय पर आराम तक न मिल पाने से किसान लगातार परेशानी झेल रहे थे। इसी समस्या को देखते हुए डिप्टी सीएम एवं क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा ने किसान भवन निर्माण की पहल की। इसके लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके बाद ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। अब नवीन किसान भवन के उद्घाटन के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। भवन में किसानों के लिए चाय-पानी, कुर्सी-टेबल, चौकीदार-गार्ड की तैनाती, सीसी कैमरा, 24 घंटे व्यवस्था, साथ ही स्नान व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन बुनियादी सुविधाओं से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है।

जिस पर गन्ना किसान अवधेश वर्मा, रामलोचन साहू और गजानन वर्मा ने बताया कि भोरमदेव शक्कर कारखाना का उद्घाटन वर्ष 2003-04 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुआ था। अब 22 वर्षो बाद किसान भवन का लोकार्पण डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा किया गया है, जिससे किसानों को काफी सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। किसानों ने बताया कि पहले गन्ना बेचने में तीन-चार दिन लग जाते थे और भारी दिक्कतें आती थीं। वहीं अब भवन तैयार होने से आराम, पानी और मूलभूत सुविधाएं मिलने लगी हैं, जिससे बड़ी राहत मिली है। जिस पर किसानों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन किसानों के लिए बड़ी सौगात है। विजय शर्मा ने इस विश्राम भवन को बलराम सदन नाम दिया है। किसानों का मानना है कि यह भवन उनकी वर्षो पुरानी समस्या का समाधान बनकर सामने आया है और अब गन्ना उपज बेचने में होने वाली परेशानियां काफी कम हो गई हैं।

### बैगा पर्यावास व जैवविविधता पुनर्जनन पर संवाद



**हरिभूमि कोलेगांव।** बुधवार को आदिवासी समता मंच द्वारा दो दिवसीय बैगा पर्यावास और जैव-विविधता के पुनर्जनन पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंडरिया में किया गया। इस कार्यक्रम में पंडरिया ब्लाक के लगभग 42 गांव से आए हुए 236 महिला-पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम के पहले दिन के प्रारंभ में आदिवासी समता मंच की अध्यक्षा इंदू नेताम ने वनाधिकार कानून के अंतर्गत मिलने वाले, व्यक्तिगत अधिकार, सामुदायिक अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार, पर्यावास अधिकार को विस्तार से बताया। इस कानून की पात्रता 13 दिसंबर 2005 से पहले काबिज आदिवासी और वनवासियो को है। लेकिन आज भी हजारों लोग इन अधिकारों से वंचित है। पर्यावास अधिकार विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह ( बैगा, पहाड़ी कोरबा, बि रोहर, कमार) के लिए है। जिसके मिलने पर कानूनी स्वीकृति सरकारी दस्तावेज में दर्ज की जाएगी। किंतु इस अधिकार का लाभ उस क्षेत्र में रहने वाले सभी रहवासियों को भी होगा। जिस पर राजेश रंजन ने बताया कि पंडरिया ब्लाक के 110 गांव में हम पर्यावास अधिकार प्राप्त करने में कुछ ही कदम शेष हैं, जिन्हें हम अगले दो महीने में पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया की संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था सीबीडी का वर्ष 2021 की ऐजेन्डे में प्राकृतिक पर्यावास को बनाये रखने और पुनर्जनन की प्रक्रिया को आदिवासी समुदाय की अगुवाई में चलाए रखना है। क्योंकि उनकी संस्कृति में कई ऐसे तत्व है जिससे कि ये प्रक्रिया अपने आप ही चलती रहती है। आदिवासी स्वयं पर्यावास का एक हिस्सा हैं। आदिवासी संस्कृति बचेगी तो पर्यावास बचेगा। पर्यावास अधिकार के महत्व को गहराई से समझने के लिए आए हुए लोगों को पांच समूहों में बांटकर जैव-विविधता (पेड़ पौधे, जीव जंतु) में आ रही कमी या विलुप्तता पर चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत लोगों ने प्रस्तुतीकरण द्वारा आई हुई कमियों को सबके सामने रखा। कार्यक्रम में सभी गांव से आए हुए महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया।

## खबर संक्षेप



### गरीब परिवार को मिला अपना नया घर

**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम अतरिया (दामापुर) में संत रामपाल महाराज द्वारा संचालित अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत एक गरीब परिवार के लिए पक्का मकान तैयार कर सौंपा गया है। परिवार के मुखिया राजेन्द्र राठे गंभीर रूप से बीमार हैं और चल-फिर नहीं सकते। आर्थिक तंगी के कारण उनकी पत्नी ललिता देवी तीन बेटियों का पालन-पोषण बड़ी मुश्किलों में कर रही थीं। चार महीने से इस परिवार को अन्नपूर्णा मुहिम के माध्यम से लगातार राशन, कपड़े, बच्चों की किताबें, रसोई सामग्री, आलमारी, गैस सिलेंडर सेट, ठंड से बचाव के लिए परिवार के सभी सदस्यों को स्वेटर एवं ब्लैंकेट भी दिए गए हैं और आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध कराया जा रहा था। अब इस मुहिम के तहत परिवार के लिए नया मकान निर्माण कर दिया गया है, जिसमें शौचालय, बिजली फिटिंग और पंखों की व्यवस्था भी की गई है। गत 8 दिसम्बर 2025 को मकान पूरी तरह बनकर तैयार हुआ और संत रामपाल महाराज की ओर से लाभार्थी परिवार को मकान की चाबी सौंप दी गई। मकान के बाहर परिवार के मुखिया राजेन्द्र पाठे के नाम का बोर्ड भी लगाया गया है।

### रोजगार पंजीयन एप से करें रोजगार पंजीयन

**कवर्धा।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को रोजगार संबंधी सुविधाएँ एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ रोजगार पंजीयन एप लॉन्च किया गया है। इस एप के माध्यम से अभ्यर्थी रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण, अतिरिक्त योग्यता दर्ज करने के साथ-साथ शासकीय भर्ती, रिक्तियों की जानकारी एवं निजी क्षेत्र में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट कैंप तथा रोजगार मेलों की सूचना प्राप्त कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों का रोजगार पंजीयन 01 जनवरी 2024 के पूर्व का है, उन्हें अपना पंजीयन एप के माध्यम से अपडेट करना आवश्यक है। यह एप गूगल प्ले स्टोर तथा विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम के दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

### मना शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस

**खैरागढ़।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के इतिहास विभाग में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे ने शहीद वीरनारायण सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया और मौजूद स्टुडेंट्स को बताया कि 1856 मे जब पूरा प्रदेश अकाल की मार झेल रहा था, खाने पीने के लाले पड़ गए थे उस समय जनता को बुरा हाल मे देखकर वीर नारायण सिंह ने अंग्रजो से सहायता प्राप्त साहूकारो के गोदामो से अवैध तरीके से एकत्रत अनाज लूटकर पीड़ित जनता को बांटकर उनकी प्राण रक्षा की थी।

## बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात, ग्रामीणों को दी जा रही है समझाईश

# ग्राम पंचायत नवागांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव में बुधवार को जमीन और उस पर कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों के बीच बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बताया जाता है कि एक तरफ कबीर पंथ के लोग चबूतरा निर्माण के लिए दी गई जमीन पर काम शुरू करने पहुंचे थे, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण उसी स्थान पर स्कूल बनाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में पहुंच गए और दोनो पक्षों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो गई। इस विवाद के बीच ग्रामीणों ने कबीर पंथ द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य का विरोध करते हुए कार्य स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राजनांदगांव–कवर्धा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। स्थिति को बिगड़ते देख इस बात की सूचना तत्काल जिला व पुलिस प्रशासन को दी गई। सूचना पाकर मौके पर दल बल के साथ पहुंचे पुलिस प्रशासन ने दोनो पक्षों को समझाईश दी लेकिन बताया जाता है कि प्रशासन भी इस विवाद का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल पाया है जिसके चलते अभी भी दोनो पक्षो के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागांव में स्थित शासकीय भू-खण्ड को लेकर कबीर पंथ के लोगों का दावा है कि उन्हें शासन ने इस भू-खण्ड का आबंटन कबीर चबूतरा निर्माण के लिए किया गया है। जहां कबीर पंथियों द्वारा कबीर चबूतरा निर्माण कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कबीरपंथियों द्वारा शासकीय जमीन पर बिना अनुमति चबूतरा निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण चाहते हैं इस शासकीय भू-खण्ड में स्कूल भवन का निर्माण किया जाए। बस इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो गई है और नवागांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। अब देखने वाली बात होगी शासन प्रशासन इस गंभीर और संवेदनशील समस्या का समाधान कैसे करता है।

### ग्रामीणों ने जताया विरोध, कवर्धा-राजनांदगांव में मार्ग में किया चक्काजाम



बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों ने कबीर चबूतरा निर्माण के विरोध में चक्काजाम शुरू कर दिया तथा कवर्धा-राजनांदगांव मार्ग में बड़ी संख्या में बैठ गए और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। देखते ही देखते हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। लोहारा तहसीलदार ने स्पष्ट कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने दोनों पक्षों से शांत रहने और कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है।

## 1.24 करोड़ से तीन सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों और दूरदृष्टि से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई रफ्तार मिल रही है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत गांवों में सड़कों का निर्माण तेजी से प्रारंभ हो चुका है, जिससे ग्रामीण अंचलों की काया पलटने लगी है। इसी कड़ी में 1 करोड़ 24 लाख 95 हजार रुपए की लागत से स्वीकृत 03 सीसी सड़क निर्माण कार्यों का ग्राम खाम्ही, सरेखा और गुलालपुर में विधिवत भूमिपूजन किया गया है। प्रत्येक सड़क के निर्माण पर 41 लाख 65 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। लंबे समय से सड़क सुविधा के लिए इंतजार कर रहे इन गांवों के लोगों ने कहा कि पहले कभी हमारे गांव के लिए इस तरह की स्वीकृति नहीं मिली थी। ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के माध्यम से कवर्धा विधानसभा के 35 ग्रामों में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी, साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक मजबूत आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी विकास की मुख्यधारा से मजबूती से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके परिणाम अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

## अवैध धान तस्करी को लेकर ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार पर लगाए आरोप

### रेंगाखार में पकड़ी गई अवैध धान की तस्करी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भले ही शासन प्रशासन द्वारा जिले के धान खरीदी केन्द्रों में अवैध धान खपाने से रोकने के लिए तमाम इंतजामो और चाक चौबंध निगरानी व्यवस्था का दम भरा जा रहा है लेकिन हकीकत ये है कि इस सरकारी व्यवस्था में उन्ही के अधिकारी सेंधमारी कर अपने संरक्षण में मध्यप्रदेश से लाई जा रही अवैध धान को छत्तीसगढ़ पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। ये हम नहीं बल्कि जिले के वनांचल क्षेत्र रेंगाखार के ग्रामीण यहां पदस्थ नायब तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कह रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वॉयरल किया है जो सुर्खियों में है। हालांकि प्रशासन ने ग्रामीणों के इन आरोपों को तहसील की टीम और स्थानीय लोगों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित होना बताया है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार रेंगाखार क्षेत्र में गत मंगलवार को रात्रि गश्ती के दौरान धान के अवैध परिवहन पर कार्रवाई के लिए पहुंची तहसीलदार की टीम और स्थानीय लोगों के बीच भ्रम की स्थिति निर्मित होने के कारण अवैध परिवहन पर यथोचित कार्रवाई नही किए जाने का मामला प्रकाश में आने पर एसडीएम बोड़ला द्वारा बताया गया है कि उक्त घटना के दौरान पहुंचे दोनों वाहनों पर कार्रवाई की गई है तथा उन्हें जप्त कर झलमला थाने के सुपुर्द किया गया है। जांच में एक वाहन में धान और एक वाहन में कोदो होना पाया गया। जिसके पश्चात मंडी सचिव द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि जांच टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक बोड़ला अनुविभाग के अंतर्गत अवैध परिवहन करते करीब 1451 क्विंटल धान और परिवहन में लिप्त 12 वाहन पकड़े गए हैं।

## गन्ना कटाई...



**कवर्धा।** अंचल में गन्ना कटाई कार्य जोरो पर, कारखाना व गुड़ फैक्ट्रियों में चल रही पेराई।

## ग्राम चोरभट्टी में जनमन योजना के अंतर्गत 11.69 लाख का आंगनबाड़ी भवन सालभर बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



जनमन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्टी में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से बना आंगनबाड़ी भवन एक साल बाद भी अधूरा पड़ा है। दीवारों में दरारें, लेंटर में छड़ें दिखाई देना, निम्न स्तर की टाइल्स, अधूरी बिजली फिटिंग, शौचालय में निकासी व्यवस्था का अभाव ये सब नर्माण की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। संबंधित कार्य ऐजेंसी द्वारा इस शासकीय निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता पर वर्तमान सरपंच सुकलाल मेरावी ने पूर्व सरपंच के समय कराए गए निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे अधूरा और बेहद घटिया बताते हुए कहा कि नए भवन में निर्माण के महज साल भर के भीतर ही जगह-जगह दरारें आ चुकी है। लेंटर डालने के बाद नीचे पूरा सरिया दिखाई दे रहा था, जिसे जल्दबाजी में पुट्टी कर छिपाया गया है। टाइल्स का काम मानक के विपरीत है, कई जगह 1-2 इंच छोड़कर टाइल्स लगाई गई हैं। सरपंच के अनुसार निर्माण पूरा होने के बावजूद गुणवत्ता शून्य है। वहीं सरपंच ने संबंधित विभाग के इंजीनियर के मूल्यांकन पर सवाल उठाते हुए कहा कि समझ से परे है कि निर्माण की इस स्थिति के बाद भी इंजीनियर ने भवन को पास कैसे कर दिया? सचिव से इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मूल्यांकन किस आधार पर हुआ, यह इंजीनियर राहुल गंगवार ही बता सकते हैं। ग्राम सरपंच ने शासन-प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## दो वर्षों में 59 हजार से ज्यादा पीएम आवास स्वीकृत, 711 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार जहां ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है, वहीं उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों ने कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना को एक नई गति दी है। बीते दो वर्षों में जिले के हजारों परिवारों के पक्के घर का सपना पूरा हुआ है, जो न सिर्फ शासन के योजनाओं से लोगों के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलाव की कहानी कहता है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के प्रति सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। कबीरधाम जिले में पिछले दो वर्षों में कुल 59,280 प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति दी गई है। यह सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन हजारों परिवारों की खुशी है, जिन्हें पक्के मकान में अभाव में बरसात में टपकती छप्पर और कड़कड़ाती ठंड के बीच जीवन यापन करना पड़ता था। इन आवासों के लिए सरकार द्वारा 711.36 करोड़ रुपए जारी किए गए, जिससे गांव-गांव में पक्के घरों के निर्माण ने रफ्तार पकड़ी है। वर्ष 2024-25 में जिले के लिए 42,868 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके निर्माण के लिए 514.41 करोड़ रुपए जारी किए गए। यह वह दौर रहा, जब जिले के ग्रामीण अंचलों में निर्माण कार्यों ने तेजी पकड़ी, हर बनने वाले घर ने बताया कि यह घर सिर्फ ईंट और सीमेंट का जोड़ नहीं, बल्कि उस परिवार की उम्मीदों की नींव थी, जिसे वर्षों से एक सुरक्षित आशियाने की चाहत थी। वहीं वर्ष 2025-26 में अब तक 16,412 नए आवासों को मंजूरी दी जा चुकी है। इन आवासों के लिए 196.94 करोड़ रुपए की राशि जारी कर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि हितग्राहियों के पक्के घर का सपना पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

## मां भारतीय एकेडमी दामापुर के सात अभ्यर्थियों का पुलिस में चयन



**कवर्धा।** मां भारतीय एकेडमी दामापुर से सात अभ्यर्थियों का चयन पुलिस में हुआ है। इस उपलब्धि ने दामापुर क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। अश्वनी यदु द्वारा भारत माता के सम्मान में शुरू की गई मां भारतीय एकेडमी को दो साल पहले शुरू किया गया था और पहले ही प्रयास में इस एकेडमी से सात लोगों का चयन हुआ है जो अपने आप में मिसाल है। मां भारतीय एकेडमी के संचालक अश्वनी यदु ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सुविधा उपलब्ध करा कर उनके हुनर को तरासने के उद्देश्य से बहुत ही कम सुविधाओं के साथ एकेडमी का संचालक किया गया। युवाओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया जिसका नतीजा हम सबके सामने है। उन्होने बताया कि एकेडमी के सभी युवा साथी गरीब घर से संबंध रखते हैं तैयारी करवाने में काफी दिक्कत आती रही, तैयारी कर रहे युवक युवतियों का डाईट चाट बनाने में भी दिक्कत आती थी क्योंकि सभी युवा प्रोटीन हेतु सामाग्री खरीद पाने में सक्षम नहीं होते थे फिर भी युवाओं ने अपनी मेहनत जारी रखी और सफलता प्राप्त की। उन्होने बताया की मां भारती एकेडमी दामापुर से युवाओं का चयन हुआ है उसमें दुर्गा मानिकपुरी धिकुड़िया, प्रदीप चेसकर मोतेसरा, भारतीय पाठे अतरिया खुर्द, रोहित यदु जैतपुरी, अरविन्द यदु जैतपुरी, महेश यदु जैतपुरी(वेटिंग 4), पुरुषोत्तम निषाद अखरा शामिल है। एकेडमी के संचालक अश्वनी यदु ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### टीचर्स एसोसिएशन की पहल का सार्थक परिणामः डॉ.रमेश कुमार चन्द्रवंशी

## जिले के पांच हजार शिक्षकों का सीजीपीएफ पासबुक होगा संधारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शासकीय कर्मचारियों के भविष्य निधि खाता में जमा राशि का सुव्यवस्थित संधारण आवश्यक होता है। सेवानिवृत्ति के समय पासबुक से मिलान कर भविष्य निधि की राशि का भुगतान किया जाता है। शिक्षकों के भविष्य निधि के लिए काटे जा रहे राशि की सुव्यवस्थित जानकारी के लिए पासबुक संधारण कराने हेतु छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन सतत प्रयासरत रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल का जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से हुए चर्चा उपरांत शिक्षक एलबी संवर्ग के सीजीपीएफ पासबुक संधारण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। अब जिले में कार्यरत एलबी संवर्ग के पांच हजार से अधिक शिक्षकों के सीजीपीएफ पासबुक का संधारण किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद से सीजीपीएफ के लिए राशि की कटौती किया जा रहा है, लेकिन सीजीपीएफ पासबुक का संधारण नहीं हुआ था। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने जिले के चारो विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे कवर्धा, महेंद्र गुप्ता पंडरिया, भानू चन्द्राकर बोड़ला एवं देवेंद्र साहू स.लोहारा से अलग-अलग चर्चा किया, जिसमें शिक्षकों की सुविधा के लिए सीजीपीएफ पासबुक को संकुल में जमा करने की सहमति बना है। संकुल से एकजाई कर बीईओ कार्यालय में जमा कर संधारण का कार्य किया जाएगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, हेमलता शर्मा, जयप्रकाश चन्द्रवंशी आदि पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग से सीजीपीएफ पासबुक लेकर अपने संकुल में अविलंब जमा करने का आव्हान किया है।

### आदर्श कन्या डीडीओ में सभी पासबुक संधारित

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडीओ अंतर्गत एलबी संवर्ग के 98 शिक्षकों का वेतन आहरण किया जाता है। इन सभी शिक्षकों के सीजीपीएफ पासबुक का अद्यतन संधारण कर लिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने डीडीओ प्राचार्य व कार्यालयीन कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने सोनिया गांधी का जन्मदिन सेवासद्भाव के साथ मनाया, आयोजित किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी गईं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना की गई। वृद्धा आश्रम पहुंचकर और वहां निवासरत वृद्ध नागरिकों को फल वितरण कर सेवा और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि सोनिया गांधी का जीवन संघर्ष और त्याग से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने सदैव देश की एकता, लोकतंत्र और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। हम उनके मार्गदर्शन में सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि सोनिया का नेतृत्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका सरल और सशक्त व्यक्तित्व हर कार्यकर्ता को जनता की आवाज़ बनने का संबल देता है। कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सोनिया गांधी जी ने हमेशा संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए कार्य किया है। हम उनके विचारों को गाँव-गाँव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा ने कहा जन-सेवा उनकी राजनीति का मूल है। उनके जन्मदिवस पर बुजुर्गों की सेवा कर संगठन को गर्व की अनुभूति हुई है। आज कार्यक्रम में प्रमुखरूप से प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष होरीराम साहू, संगठन महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी संतोष यादव, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुंभकार, तुकेश्वर साहू, मो अजहर खान, भीषम पांडेय प्रशांत परिहार, मेहुल सत्यवंशी, अमन वर्मा, शिवेंद्र वर्मा, सूरज वर्मा, युनेश कौशिक, डॉ खिराम साहू, धीरज सिंह, डॉ कृष्ण साहू, रामायण सिन्हा, राहुल सिन्हा, सुरेश वर्मा, मनहरण लांझी, राजू धुर्वे, जलेश्वर यादव, पदुम सेन, मोहन सोनवानी, अरुण जोशी, राजू , मिराज, रोहित चंद्रवंशी, रमेश सोनवानी, दुर्गेश जायसवाल, एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।